सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 19 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 105, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




**अक्षय तृतीया पर बढ़ेगी डिजिटल सोने की मांग**

अक्षय तृतीया के अवसर पर भौतिक सोने की खरीद के साथ-साथ डिजिटल सोने में निवेश के विकल्प भी लोकप्रिय बने रह सकते हैं। } 10

**सतर्कता के साथ करें एआई का इस्तेमाल**

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने आगाह करते हुए कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ-साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। } 12

# योगी को देख बोला बंगाल, 'देखो-देखो शेर आया'

## बंगाल में सीएम योगी का रोड शो, जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

विशेष संवाददाता



बांकुड़ा। पश्चिम बंगाल की सड़कों पर शनिवार को 'बुलडोजर बाबा' का जबरदस्त क्रेज दिखा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने बीच पाकर स्थानीय नागरिकों का जोश देखते ही बनता था। जनता ने उनका जोरदार स्वागत किया।

सीएम योगी को देख गगनभेदी नारों के बीच बंगालवासी बोल उठे, देखो-देखो, कौन आया, शेर आया-शेर आया। योगी जी सुस्वागतम ! उत्तर प्रदेश के इस शेर को बंगाल के मतदाताओं ने भी विश्वास दिलाया कि 4 मई, 'दीदी' गई। सीएम योगी ने इस शानदार रोड शो के लिए स्थानीय लोगों के प्रति आभार जताया। बंगाल की जनता के स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री ने रोड शो में विधायक व बांकुड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीलाद्रि शेखर दाना के लिए जनसमर्थन मांगा तो एक ही नारा-एक ही नाम, जय श्रीराम-जय श्रीराम, हर-हर महादेव की गूंज से गुंजायमान बांकुड़ा की सड़कों पर उतरे मतदाताओं ने उन्हें आश्वस्त किया कि विधानसभा क्षेत्र में कमल ही खिलेगा। पूरे रोड-शो के दौरान सड़कों पर योगी-योगी की गूंज सुनाई देती रही। बंगाल की सड़कों पर स्थानीय नागरिकों ने शनिवार को 'बुलडोजर बाबा' का अभूतपूर्व स्वागत किया। भगवा रंग की पगड़ी पहने सीएम ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नारी शक्ति वंदन विधेयक पर प्रधानमंत्री मोदी ने देश को किया संबोधित

# महिला आरक्षण का विरोध कर विपक्ष ने किया पाप

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद संसद में महिला आरक्षण (संशोधन) विधेयक को पारित न होने देकर महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया है।

मोदी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न होने के एक दिन बाद राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थ भरी राजनीति की कीमत देश की महिलाओं को चुकानी पड़ी है और इन दलों ने विधायी निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयासों को विफल कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं। उन्होंने कहा आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि भारत की महिलाओं की प्रगति किस प्रकार रुक गई है। देश की महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया गया है, और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद हम सफल नहीं हो सके। मोदी ने कहा कि महिलाओं ने देखा है कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक जैसी पार्टियां महिला सशक्तीकरण के खिलाफ अपनी स्वार्थ भरी राजनीति का जश्न कैसे मनाती हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध करके विपक्ष ने पाप किया है और उसे इसके लिए निश्चित रूप से दंड मिलेगा। विपक्षी दलों ने विधेयक को विफल कर हमारे संविधान का अपमान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य किसी से कुछ भी छीने बिना महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना था। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# केंद्रीय कर्मियों व पेंशनभोगियों का भत्ता बढ़ा

## ○ उत्तर प्रदेश व आंध्र प्रदेश की दो रेल परियोजनाओं को मिली मंजूरी ○ भारत समुद्री बीमा कोष पर कैबिनेट की मुहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। मंत्रिमंडल ने शनिवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) दो प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया। इससे केंद्र सरकार के लगभग 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महंगाई भत्ते और महंगाई राहत, दोनों में वृद्धि के कारण सरकारी खजाने पर कुल 6,791.24 करोड़ रुपये सालाना का बोझ पड़ेगा। मूल वेतन या पेंशन की मौजूदा 58 प्रतिशत की दर पर दो प्रतिशत की यह वृद्धि, महंगाई की भरपाई के लिए है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को डीए और पेंशनभोगियों को डीआर की यह अतिरिक्त किस्त एक जनवरी, 2026 से दी जाएगी। यह वृद्धि स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है, जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने शनिवार को रेल मंत्रालय की लगभग 24,815 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश में 403 किलोमीटर लंबी गाजियाबाद-सीतापुर तीसरी और चौथी लाइन और आंध्र प्रदेश में 198 किलोमीटर लंबी राजामुंदरी-विशाखापत्तनम तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं। सरकार के एक बयान के अनुसार लाइन क्षमता में इस बढ़ोतरी से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा, भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। बयान में कहा गया, इन रेलखंड पर पटरियों की संख्या लाइन बढ़ाने से परिचालन व्यवस्थित होगी और भीड़भाड़ कम करने में मदद मिलेगी। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक नये भारत की परिकल्पना के अनुरूप हैं। इसका



उद्देश्य क्षेत्र के व्यापक विकास के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे उनके रोजगारास्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बयान में कहा गया है, ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय योजना का हिस्सा हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य एकीकृत योजना और हितधारकों के परामर्श के माध्यम से बहु स्तरीय संपर्क और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। इन परियोजनाओं से लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों के 15 जिलों से गुजरने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 601 किलोमीटर तक बढ़ाएंगी। दोनों परियोजनाओं के लाभों को रेखांकित करते हुए सरकार ने कहा कि ये कोयला, अनाज, सीमेंट, लोहा और इस्पात, कंटेनर, उर्वरक, चीनी, रासायनिक लवण, चूना पत्थर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। सरकार ने कहा, रेलवे पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन होने के नाते, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की परिवहन लागत को कम करने में मदद करेगा, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, जो 7.33 करोड़ वृक्षारोपण के बराबर है। बयान में कहा गया है कि इन नयी लाइन के निर्माण से देश भर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क में सुधार होगा, जिनमें दूधेश्वरनाथ मंदिर, गढ़मुक्तेश्वर गंगा घाट, दरगाह शाह विलायत जामा मस्जिद (अमरोहा), नैमिषारण्य (सीतापुर), अन्नवरम, अंतर्वेदी, द्रक्षाराम्म आदि शामिल हैं। सरकार ने लगातार समुद्री बीमा कवरेज की सुविधा के लिए 12,980 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी के साथ एक घरेलू बीमा योजना भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष (बीएमआई कोष) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह कोष सुनिश्चित करता है कि भारतीय व्यापार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय मूल से भारतीय बंदरगाहों तक और इसके विपरीत माल ले जाने वाले जहाजों के लिए सस्ती बीमा सुविधा मिलती रहे, भले ही वे अस्थिर समुद्री गलियारों से गुजर रहे हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। गाजियाबाद-सीतापुर रेलखंड पर इस समय दोहरी लाइन है, जो दिल्ली-गुवाहाटी उच्च घनत्व नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नयी पटरियों के फायदे के बारे में सरकार ने कहा कि यह परियोजना देश के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों के बीच संपर्क सुधारने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस खंड की मौजूदा लाइन क्षमता का 168 प्रतिशत तक उपयोग हो रहा है औ परियोजना शुरू नहीं होने की स्थिति में इसके 207 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### राप्ती में डूबने से तीन युवकों की मौत

गोरखपुर। गोरखपुर स्थित राप्ती नदी में नहाने गए तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई, जिनके शव शनिवार को राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने बरामद कर लिए। घटना शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे मैनाभागर टोला बंजराहा के पास हुई, जहां चार युवक राप्ती नदी में नहाने गए थे। इस दौरान तीन युवक फिसलकर गहरे पानी में पहुंच गए और डूबने लगे, तभी एक युवक तैरकर बाहर निकल आया और घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही, स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया। एसडीआरएफ ने भी स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम के साथ शुक्रवार को घटना होने के बाद से ही तलाशी अभियान शुरू किया और शुक्रवार देर रात तक प्रयास जारी रहने के बावजूद लापता युवकों का पता नहीं चल सका। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह तलाश फिर से शुरू हुई, एसडीआरएफ की टीमों ने अभियान तेज कर दिया और कुछ ही घंटों में बरियारपुर के निवासी शुभम यादव और अभय यादव उर्फ बंटी, तथा काजीपुर के रहने वाले शिव साहनी के शव बरामद किए गए।

### गाजीपुर में सड़क हादसा, तीन की मौत

गाजीपुर। जिले में हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मुबारकपुर हरतरा गांव के रहने वाले दीपक यादव, शनि कुमार राम तथा शुभम कुमार एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर बृहस्पतिवार रात में मेला देखने शादियाबाद जा रहे थे। सामने से दूसरी मोटरसाइकिल पर आसपुर गांव के निवासी विजय राजभर, अखिलेश तथा अजीत कुमार आ रहे थे और जब वे लोग टांडा बैरख गांव के सामने पहुंचे तो दोनों मोटरसाइकिलों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के कारण बम फटने जैसी तेज आवाज आई, जिसे सुनकर रात में गांव के लोग दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने सभी को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दीपक यादव, शनि कुमार राम, तथा विजय राजभर को मृत घोषित कर दिया।

## नोएडा हिंसा का हाईटेक साजिशकर्ता गिरफ्तार

लखनऊ। गौतमबुद्धनगर में 13 अप्रैल को श्रमिक आंदोलन की आड़ में हुई भीषण हिंसा, आगजनी और सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में यूपी एसटीएफ ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसटीएफ की टीम ने घटना के मुख्य साजिशकताओं में से एक, आदित्य आनंद उर्फ रस्टी को तमिलनाडु के त्रिचुरापल्ली त्रिची रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। कैसे हुआ ऑपरेशन-एसटीएफ की नोएडा यूनिट को खुफिया जानकारी मिली थी कि हिंसा की योजना बनाने में मुख्य भूमिका निभाने वाला आदित्य आनंद फरार है। गिरफ्तारी से बचने के लिए आदित्य पहले नोएडा से चेन्नई और फिर वहां से त्रिचुरापल्ली भाग रहा था।

एसटीएफ नोएडा की टीम ने अभिसूचना संकलन के बाद 18 अप्रैल की रात करीब 1:40 बजे उसे त्रिची रेलवे स्टेशन से धर दबोचा। गौतमबुद्धनगर की एसीजेएम कोर्ट ने 16 अप्रैल को ही उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। कौन है आदित्य आनंद रस्टी-पूछताछ में आदित्य का जो बैकग्राउंड सामने आया है, वह चौंकाने वाला है आदित्य मूल रूप से ...शेष पृष्ठ 10 पर

# चार संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

## टॉय कार का इस्तेमाल कर हमले की थी साजिश

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से चार कट्टरपंथी लोगों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने कथित तौर पर आतंकी गतिविधियों की साजिश रची थी, कुछ संवेदनशील जगहों को निशाना बनाने के लिए उनकी रेकी की थी और एन्क्रिप्टेड ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए अन्य लोगों को भर्ती करने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और उससे जुड़ा सामान जब्त किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दो आरोपी भीड़भाड़ वाली जगहों को निशाना बनाने के लिए



आईईडी युक्त रिमोट संचालित टॉय कार को तैयार कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ ने एक समन्वित, खुफिया तंत्र नीत अभियान में महाराष्ट्र से दो और ओडिशा तथा बिहार से एक-एक आरोपी को पकड़ा। पुलिस ने आरोप लगाया कि चारों खिलाफत स्थापित करने के विचार के इर्द-गिर्द केंद्रित चरमपंथी विचारधारा से प्रभावित थे और ग़जवा-ए-हिंद जैसी धारणा को बढ़ावा दे रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर पर रोक

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित दोहरी नागरिकता मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के, ओपन कोर्ट में सुनाये गए अपने आदेश को रोक दिया है। शनिवार को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश में न्यायालय ने कहा है कि शुक्रवार को सुनवाई के दौरान याची समेत केंद्र व राज्य सरकार के अधिवक्ताओं से पूछा गया था कि क्या इस मामले में विपक्षी संख्या एक (राहुल गांधी) को नोटिस जारी किए जाने की आवश्यकता है।

आदेश में कहा गया है कि अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि नोटिस जारी किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है, तत्पश्चात ओपन कोर्ट में एफआईआर दर्ज करने का विस्तृत आदेश पारित कर दिया गया, हालांकि अपने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# चारधाम यात्रा का आगाज, पहला जत्था रवाना

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

ऋषिकेश/देहरादून। उत्तराखंड की आस्था, अध्यात्म और सनातन परंपरा का प्रतीक चारधाम यात्रा रविवार को विधिवत प्रारंभ हो गई। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश से श्रद्धालुओं के पहले दल को लेकर रवाना होने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। पूरे क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड आने वाला प्रत्येक यात्री राज्य का सम्मानित अतिथि है और सरकार का प्रयास है कि सभी श्रद्धालु सुखद अनुभव लेकर



लौटें। यात्रा प्रारंभ होने से पहले मुख्यमंत्री ने यात्रियों के लिए लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चिकित्सा सुविधाओं, प्राथमिक उपचार केंद्रों, एंबुलेंस सेवाओं और आपातकालीन व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और हर पड़ाव पर तत्परता सुनिश्चित की ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** 15 अप्रैल तक अकेले लखनऊ में 3,133 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित, उत्तर प्रदेश का अव्वल प्रदर्शन

# सोलर इंस्टॉलेशन में लखनऊ ने सूरत को पीछे छोड़ा

आशीष मौर्य

लखनऊ। राजधानी लखनऊ ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में चल रहे रुफटॉप सौर ऊर्जा के क्षेत्र में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अभियान ने लखनऊ को राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बना दिया है।

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के अंतर्गत लखनऊ में अब तक 87,000 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, जो देश के किसी भी जिले में सबसे अधिक हैं। 15 अप्रैल तक लखनऊ में



3,133 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए। यह उपलब्धि लखनऊ को सोलर ऊर्जा अपनाने के मामले में देश का अग्रणी जिला बनाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में घरेलू गैस के स्थान पर इंडक्शन कुकटॉप के बढ़ते उपयोग तथा इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के कारण बिजली की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके साथ ही, बढ़ते बिजली बिल को नियंत्रित करने की इच्छा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता ने लोगों को तेजी से सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित किया है। रूफटॉप सोलर सिस्टम उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ प्रदान कर रहे हैं और उन्हें ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रहे हैं। केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार की सोलर सब्सिडी और सरल आवेदन प्रक्रिया इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही, डिस्कॉम और संबंधित एजेंसियों के सहयोग से इंस्टॉलेशन प्रक्रिया अधिक तेज और सुगम हो गई है। लखनऊ की यह उपलब्धि अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बन रही है। उत्तर प्रदेश के अन्य शहर भी सोलर इंस्टॉलेशन में तेजी दिखा रहे हैं और राज्य देश के अग्रणी घरेलू रूफटॉप सोलर ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है।

# होर्मुज स्ट्रेट में तेल टैंकर पर अंधाधुंध गोलीबारी

## ○ घटना को लेकर भारत सख्त ○ ईरान के राजदूत को किया तलब

एजेंसी

काहिरा। होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी दोहरी घेराबंदी शनिवार को एक अनिश्चित और खतरनाक स्थिति में पहुँच गई। एक ओर जहाँ अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी करने के अपने अभियान को और तेज़ कर दिया है, वहीं दूसरी ओर ईरान ने जलमार्ग खोलने के अपने शुरुआती कदम को वापस लेते हुए वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे एक जहाज पर गोलीबारी कर दी। इस महत्वपूर्ण सामरिक जलमार्ग को लेकर बनी असमंजस की स्थिति ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे ऊर्जा संकट के और गहराने और दोनों देशों को फिर से संघर्ष की ओर धकेलने का खतरा पैदा कर दिया है, जबकि मध्यस्थ इस बात पर विश्वास जता रहे थे कि एक नया समझौता हो सकता है।



भारत ने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में की गई गोलीबारी की वजह से दो भारतीय मालवाहक जहाजों के मार्ग बदलने के लिए मजबूर होने की घटना को लेकर नयी दिल्ली में तैनात ईरानी राजदूत मोहम्मद फताअली को विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तलब किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना को लेकर राजदूत के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। आधिकारिक तौर पर फताअली को विदेश मंत्रालय में तलब करने को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। ईरान द्वारा शुक्रवार को जलमार्ग खोलने की घोषणा के बाद कइ ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

## बाबा साहब की फोटो छपी टी शर्ट पहने युवक की पिटाई, केस दर्ज

जंगबहादुरगंज खीरी।कोतवाली पसगवां के ग्राम पांडेवारी निवासी दलित युवक परविंदर पुत्र गिरीशचंद्र बाबा साहब की फोटो छपी टी शर्ट पहना हुआ था जिससे घृणा के चलते दो युवकों ने उसकी।जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक परविंदर ने बताया कि में बीती शुक्रवार की दोपहर अपने घर से बाबा भीमराव अंबेडकर की फोटो छपी टी शर्ट पहनकर किसी काम को लेकर ग्राम सुखवसा गया था जहां के निवासी दो युवक बादल मिश्रा, आकाश मिश्रा पुत्र कमलू ने मुझे यह टी शर्ट पहने देख जाति सूचक गाली गलौज करने लगे मैने मना किया तो उक्त लोग मुझे लात घुसो व लाठी-डंडों से पीटने लगे जिससे मेरे मुंह में काफी चोटे आयी है इन लोगों ने मेरी टी शर्ट भी फाड़ दी और मेरा लोवर भी उतार लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पीड़ित के तहरीर पर पसगवां पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## मेले में महिलाओं से अभद्रता, दो आरोपित गिरफ्तार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चैती मेला में महिलाओं व युवतियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों ही मामलों में आरोप है कि आरोपी सार्वजनिक स्थान पर खड़े होकर महिलाओं पर अश्लील इशारे और गाने गाकर उन्हें परेशान कर रहे थे। पहली घटना में उपनिरीक्षक राजन कुमार पुलिस टीम के साथ चैती मेला में जलपरी मंच के पास गश्त पर थे। इसी दौरान एक युवक महिलाओं और लड़कियों पर अश्लील इशारे कर गाने गाते हुए मिला, जिससे वहां से गुजर रही महिलाएं असहज होकर सिर झुकाकर निकल रही थीं। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आदिल खान निवासी झाऊपुरवा, थाना फूलबेहड़ बताया। वहीं दूसरी घटना में महिला उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा टीम के साथ बाला जी मंदिर के पास चूड़ी वाली गली में ड्यूटी पर थीं। यहां भी एक व्यक्ति महिलाओं और युवतियों को देखकर अश्लील गाने गाते हुए मिला। पुलिस ने उसे पकड़कर हिरासत में लिया। आरोपी ने अपना नाम जितेंद्र निवासी अलियापुर, थाना गोला बताया।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में एक किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार क्षेत्र के एक वार्ड निवासी व्यक्ति की 17 वर्षीय पुत्री 15 अप्रैल की सुबह घर से सामान लेने के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद परिजनों को जानकारी मिली कि दिवांशु विश्वकर्मा नामक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।परिजनों के अनुसार किशोरी और आरोपी दोनों के मोबाइल फोन बंद आ रहे हैं। आरोपी के घर पहुंचने पर भी वह नहीं मिला और उसके परिजनों ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। पुलिस ने आरोपी दिवांशु विश्वकर्मा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरी की तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं।

# 63 शिकायतें आयीं, मौके पर 6 निपटीं



जिला संवाददाता(vol)

- डीएम की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित

लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील सदर के लोक सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता एवं अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निदेर्शों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 24, पुलिस 14, विकास 07, आपूर्ति 06, नगर पालिका 05, विद्युत 04, कृषि के 03 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंहसहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम रोजगार सेवक संघ ने सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ ईकाई लखीमपुर खीरी द्वारा एडीओ पंचायत कों ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया पूर्व सूचना के अनुसार 13 अप्रैल 2026 कों बैठक की गई। बैठक में प्रांतीय आवाहन पर जनपद के समस्त ग्राम रोजगार सेवक 16 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक सांकेतिक कलम बंद व हड़ताल पर रहेंगे तथा 26 अप्रैल 2026 से 27 अप्रैल 2026 तक ब्लॉकों में पोस्टकार्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश कों ज्ञापन भेजा जाएगा। उसके बाद 28 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक सांसदो व विधायको को ज्ञापन दिया जाएगा उसके उपरांत मजदूर दिवस 1 मई 2026 को जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी खीरी को सौंपा जाएगा।

उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष ने बताया की यदि मांगे नहीं पूरी हुई तों 5 मई को विधान सभा का घेराव किया जाएगा। जिसकी जानकारी जिलाधिकारी खीरी, मुख्य विकास अधिकारी, श्रम उपायुक्त रोजगार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी कों दें दी गई है। इस दौरान राम प्रवेश वर्मा जी आर एस, प्रमोद कुमार, प्रेम प्रकाश, राम सिंह, राहुल वर्मा, संदीप वर्मा, राम जीवन, विमल मिश्रा, संतोष, अंशुल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने कई चौकी इंचार्ज बदले

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने शुक्रवार की देर रात कई चौकी इंचार्ज का फेर बदल कर दिया है। उ. प. निरीक्षक पटेल सिंह राठी चौकी इंचार्ज ओयल से थाना नीमगांव, उप निरीक्षक धनंजय शुक्ला चौकी इंचार्ज रामपुर को लाइन हाजिर, डिंपल वर्मा उप निरीक्षक पुलिस लाइन से चौकी इंचार्ज ओयल, उप निरीक्षक सिद्धांत पवार को पुलिस लाइन से चौकी इंचार्ज पुलिस चौकी रामपुर कोतवाली सदर के पद पर तैनात किया गया है।

## दिनदहाड़े लूट की घटना निकली फर्जी

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह लगभग 9 बजे के लगभग बाइक व पांच हजार रुपए की लूट होने की घटना शोषल मीडिया पर वायरल होने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 इंस्पेक्टर धौरहरा ने जांच पड़ताल करते हुए घटना को पूरी तरह फर्जी पाया। जानकारी के मुताबिक भारतीय स्टेट बैंक शाखा धौरहरा में क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य कुनाल गुप्ता पुत्र भगवान गुप्ता निवासी पलिया हाल पता लखीमपुर शहर रविनगर सुबह अपनी बाइक पर सवार होकर शाखा धौरहरा जा रहा था कि धौरहरा-रेहुआ मार्ग पर घुरघुट्टा मोड़ के पास लगभग 9 बजे दो बाइकों पर सवार होकर चार लोगों द्वारा बाइक व 5000 नकद लूटने की सूचना शोषल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने से मौके पर पहुंची डायल 112 व कोतवाली पुलिस को कुनाल ने गुमराह करने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा आवश्यक जांच पड़ताल के बाद पीड़ित की जेब से फाइनेंस कंपनी द्वारा दी गई रसीद व 3200 रुपए व मोबाइल फोन बरामद होने से पूरी घटना का राजफाश हो पाया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सोनकर ने बताया कि लूट होने की घटना पूरी तरह फर्जी निकली।बाइक को फाइनेंसर ले गए हैं। सूचना कर्ता की जेब से रसीद व रुपए बरामद हुए।

## लगी आग , तीन झोपड़ी खाक



धौरहरा खीरी। तहसील क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को आज्ञा कारणों से लगी आग से तीन लोगों की झोपड़ी में रक्खी घरेलू ग्रहस्थी जल कर खाक हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का आंकलन करके जांच आख्या तहसील प्रशासन को सौंप दी। शनिवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम खजुहा में अज्ञात कारणों से दिन में लगी आग से कौशिल्या पत्नी पुत्तू, रामप्यारी पत्नी सोहन व लक्ष्मी पुत्र पुत्तू की झोपड़ियों में रक्खी घरेलू ग्रहस्थी जलने के साथ सभी के अरमान भी जलकर खाक हो गई सूचना पर पहुंचे लेखपाल विनोद भार्गव ने नुकसान का आंकलन करके रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौपी।

## घर के सामने दबंग डाल रहे कूड़ा



महोली/सीतापुर। तहसील अंतर्गत ग्राम पालिया की निवासी विमला देवी ने घर के सामने सरकारी जमीन पर लगातार डाले जा रहे कूड़े से परेशान होकर प्रशासन से शिकायत की है। उनका आरोप है कि गांव के कुछ लोग जबरन वहां घूर डाल रहे हैं, जिससे गंदगी फैल रही है और परिवार के सदस्य बीमार हो रहे हैं। बताया गया कि पहले तहसील प्रशासन द्वारा कूड़ा हटवाया गया था। तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने कूड़ा हटवाया था, लेकिन अगले ही दिन फिर से कूड़ा डालना शुरू कर दिया गया। मामले में चैकी पर समझौता और लेखपाल द्वारा निरीक्षण भी हो चुका है, बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। पीड़िता का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि कूड़े को स्थायी रूप से हटवाया जाए और भविष्य में वहां गंदगी न होने देने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

## सात दिन के अंदर समस्याओं का करें निस्तारणः खालिद अंजुम



महोली/सीतापुर। संपूर्ण समाधान का आयोजन महोली तहसील के सभागार में आयोजित किया गया। आए हुए फरियादियों की समस्याओं को विधायक शशांक त्रिवेदी, एडीएम न्यायिक व एसडीएम शिखा शुक्ला ने शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिया।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन विधायक शशांक त्रिवेदी की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें दो का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि आए हुए फरियादियों की समस्याओं का गुणवत्ता परक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि एक छत के नीचे फरियादियों की समस्याओं का निदान हो सके। फरियादियों को इसके लिए सीतापुर या लखनऊ की भाग-दौड़ न लगानी पड़े। एडीएम न्यायिक खालिद अंजुम ने कहा कि आई हुई समस्याओं को 7 दिन के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। आईजीआरएस से संबंधित जो शिकायतें हैं उनको गंभीरता से लेकर समय सीमा के अंदर निस्तारण करें। समाधान दिवस में आई हुई शिकायतों की मॉनिटरिंग लखनऊ से की जाती है इसलिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को फरियादियों की शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करना है। उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने कहा कि महोली तहसील का मेरा पहला तहसील दिवस है। मैं समस्त जिम्मेदारो से अपेक्षा करती हूं कि जो समस्याएं आई हैं उनका जल्द से जल्द निराकरण करते हुए फरियादी को भी संतुष्ट किया जाए। ताकि एक ही फरियादी बार-बार अपनी शिकायत को लेकर न आए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह, क्षेत्राधिकारी नागेंद्र कुमार चौबे, तहसीलदार अंकुर यादव, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह, बीडीओ महोली प्रीति तिवारी, पिसावां विकास सिंह, ब्लॉक प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद, पिसावां मिथिलेश यादव, एलिया प्रतिनिधि संजीव सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 39 शिकायतें आईं

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 39 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित निपटारे के निर्देश दिए गए। शिविर में प्राप्त अन्य 36 प्रार्थना पत्रों के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्थलीय जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागवार प्राप्त शिकायतों में राजस्व एवं आपदा विभाग से सर्वाधिक 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें तीन का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों को जांच के लिए भेजा गया। पुलिस विभाग से संबंधित पांच मामलों को संयुक्त जांच हेतु अग्रेषित किया गया। इसके अलावा विद्युत विभाग के दो तथा खाद्य एवं रसद विभाग का एक प्रार्थना पत्र भी प्राप्त हुआ। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी सहित तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मांगें पूरी न होने पर रोडवेज कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को गोला डिपो परिसर में कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर गेट मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और निगम प्रबंधन के प्रति नाराजगी जताई।

कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्रीय संयोजक संविदा प्रमोद मिश्रा ने किया। परिषद के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते कर्मचारियों की प्रमुख मांगों का समाधान नहीं किया गया तो प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर गोला डिपो शाखा भी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी करेगी। बैठक में कर्मचारियों ने राष्ट्रीयकृत मार्गों पर अवैध बस संचालन और डग्गामारी पर रोक लगाने, निजी बसों द्वारा परमिट शर्तों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, एक्सप्रेसवे व हाईवे को राष्ट्रीयकृत मार्ग घोषित करने तथा इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में हो रहे घाटे की भरपाई सरकार से कराने की मांग उठाई। इसके अलावा संविदा चालकों-परिचालकों के नियमितीकरण, महंगाई भत्ते के बकाया भुगतान, वेतन विसंगतियों के समाधान, रिक्त पदों पर नियमित भर्ती, आउटसोर्स कर्मियों को प्राथमिकता देने और मकान किराया भत्ते के पुनरीक्षण की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

इस दौरान आलोक कुमार अवस्थी, कमलेश वत्री, जुगेन्द्र सिंह, शोभित गुहा, सुमोल गुना, रोहित तिवारी, अंशिका चौधरी, प्रगात बाजपेयी, अनुपम देवी, प्रियंका गुप्ता, सुरभि देवी, नेहा गौतम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्क्रीन टाइम बढ़ने से बढ़ रहा तनाव, छात्रों को किया जागरूक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में चल रहे पोषण पखवाड़ा के तहत मोबाइल स्क्रीन टाइम कम करने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने की।

मुख्य वक्ता चिकित्सक डॉ. रविंद्र नाथ वर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे-जैसे स्क्रीन टाइम बढ़ता है, वैसे-वैसे तनाव का स्तर भी बढ़ता जाता है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया और मोबाइल के लगातार उपयोग से व्यक्ति अनजाने में अपने मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार और आपसी संबंधों को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्क्रीन टाइम वह समय है, जो मोबाइल पर स्क्रॉलिंग, ऐप्स के उपयोग और अनावश्यक गतिविधियों में व्यतीत होता है। इससे बचने के लिए विद्यार्थियों को पठन-पाठन पर ध्यान केंद्रित करने, खेलकूद में भाग लेने तथा परिवार के साथ समय बिताने की सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि छात्र-छात्राएं अपनी दिनचर्या में संतुलन बनाए रखें, तो मोबाइल की लत स्वतः कम हो जाएगी और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश, लखपत भारती, अशोक कुमार वर्मा, एसके वर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सिंह ने किया।

## इंडस्ट्री विजिट से छात्रों को मिला तकनीकी अनुभव

सीतापुर। राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) स्टैंडर्ड्स क्लब के अंतर्गत आयोजित इंडस्ट्री एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए शहर की नवीन प्लाईवुड फैक्ट्री का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों को उद्योगों में अपनाए जाने वाले गुणवत्ता मानकों,



उत्पादन प्रक्रिया और आधुनिक तकनीकों की गहराई से जानकारी दी गई। फैक्ट्री प्रबंधन ने विद्यार्थियों को प्लाईवुड निर्माण की पूरी प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया। कच्चे माल के चयन से लेकर तैयार उत्पाद बनने तक की प्रत्येक चरण को विस्तार से समझाया गया। साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मानकों और अत्याधुनिक मशीनों के संचालन की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से कैप्टन खान शादाब जमीर और प्रवक्ता शादाब आलम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस)के प्रतिनिधि हिमांशु द्विवेदी ने छात्रों को गुणवत्ता मानकों के महत्व और (बीआईएस) की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। इस शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों में तकनीकी समझ, व्यावहारिक ज्ञान और गुणवत्ता के प्रति जागरूकता विकसित करना था। छात्रों ने इस अनुभव को बेहद उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ते हैं और उनके करियर के प्रति दृष्टिकोण को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र स्थित विकास नगर कॉलोनी में शनिवार सुबह एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान अंकित पाल पुत्र स्वर्गीय रामपाल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अंकित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में कार्यरत था और उसकी दिनचर्या सामान्य थी, ऐसे में उसके इस कदम से सभी हैरान हैं। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## प्रशिक्षु आरक्षी ने पीया तेजाब , हालत गंभीर

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) में शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक प्रशिक्षु आरक्षी ने संदिग्ध परिस्थितियों में तेजाब पी लिया। घटना करीब 1 बजे की बताई जा रही है। साथी पुलिसकर्मियों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।

घायल आरक्षी की पहचान अभिलाष पुत्र बलबीर निवासी इटावा के रूप में हुई है, जो पिछले लगभग 10 महीनों से पीटीसी में प्रशिक्षण ले रहा था। अचानक तबीयत बिगड़ने पर साथियों को शक हुआ और जांच में सामने आया कि उसने तेजाब पी लिया है, जिससे सभी स्तब्ध रह गए। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व पीटीसी प्रशासन हरकत में आ गया है। फिलहाल इस कदम के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है, वहीं परिसर में माहौल गंभीर बना हुआ है।

## हीटवेव से बचाव के लिए सावधानी बरतें लक्षण दिखें तो तुरंत करें उपचारः एडीएम

सीतापुर। जनपद में बढ़ती गर्मी को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने हीटवेव (लू) से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। अपर जिलाधिकारी (वि.एवंरा.) नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि आमजन सावधानी बरतकर लू के प्रभाव से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्म हवाओं से बचाव के लिए खिड़कियों को एल्युमिनियम पन्नी या गत्ते से ढकें और दोपहर में दरवाजों-खिड़कियों पर पर्दे लगाएं। घर से बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखें तथा संभव हो तो धूप में निकलने से बचें।

पेय पदार्थों में लस्सी, छाछ, नींबू पानी, बेल का शर्बत व आम पना का सेवन लाभदायक है। एडीएम ने बताया कि शरीर में पानी और नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। अधिक उम्र, हृदय रोग, मधुमेह व अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। लू के लक्षणों में तेज बुखार, शुष्क त्वचा, चक्कर आना, उल्टी, सिरदर्द व कमजोरी शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सीय सहायता लें। उन्होंने सभी विभागों को भी सतर्क रहकर आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## 33 प्रतिशत आरक्षण रोकना घोर पाप, नारी शक्ति के साथ अन्यायः निर्मल वर्मा



सीतापुर। श्री राम चम्पा देवी विद्यालय, बिसवां में आयोजित ह्वनारी शक्ति वंदनह्न कार्यक्रम में महिलाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नारी सशक्तिकरण और महिला अधिकारों को लेकर अपने विचार प्रकट किए तथा वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक निर्मल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लआज देश की नारी शक्ति अपने अधिकारों को लेकर चिंतित और आहत है। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए आवश्यक संविधान संशोधन विधेयक को पारित न होने देना निंदनीय ही नहीं, बल्कि अत्यंत पीड़ादायक है ।ह्व उन्होंने आगे कहा कि ह्लमहिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जैसा ऐतिहासिक अवसर रोकना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है, यह नारी शक्ति के साथ घोर अन्याय और पाप के समान है। विधायक के इस बयान पर उपस्थित महिलाओं ने जोरदार समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष का यह रुख नारी शक्ति के खिलाफ खुला ऐलान है। जो लोग पहले महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की बात करते थे, वही आज वोट बैंक की राजनीति में बेटियों के अधिकारों को नजरअंदाज कर रहे हैं ।ह्व उन्होंने कहा कि देश की माताएं, बहनें और बेटियां सब देख रही हैं और समय आने पर इसका जवाब भी देंगी। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सुरक्षा और सामाजिक भागीदारी जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने महिलाओं से समाज में अपनी भागीदारी बढ़ाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जया सिंह, जिला महामंत्री सुधाकर शुक्ला, नगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष पंकज गुप्ता, शालिनी गुप्ता, सीमा शुक्ला, अल्पना शुक्ला, ऊषा गुप्ता, नीतू, रानी दीक्षित सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और जागरूकता से भरपूर रहा, जहां महिलाओं ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में छात्राओं ने दिखाया दमखम



सीतापुर। हरगांव स्थित बिड़ला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मरक्षा, सांस्कृतिक मूल्यों और खेलकूद के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं के शौर्य प्रदर्शन से हुई, जिसमें गाइड छात्राएं रिया, श्रुति यादव, प्रिया राठौर, अंकिमा, भूमिका सिंह और आराध्या तिवारी ने आत्मरक्षा के विभिन्न कौशलों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी प्रशिक्षण देकर नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। सांस्कृतिक सत्र में छात्राओं ने लोकगीत, लोकनृत्य और लघुनाटिका प्रस्तुत कर समाज में महिलाओं की भूमिका और सम्मान को जीवंत रूप में दशार्या। इसके बाद खेलकूद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें अभ्या, सिम्स, लक्ष्मी और श्रेया यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य रामचेत सिन्हा ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ आत्मरक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियां छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। इस अवसर पर शिक्षक अंशू कुमार वर्मा, अमृता अवस्थी, सीमा मिश्रा और प्रज्ञा शुक्ला सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम ने विद्यालय में नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता को और अधिक मजबूत किया।

संक्षेप

## महिला का घर लूटने व कब्जाने का आरोप

जौनपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के बोदकरपुर ईशापुर में एक महिला ने अपने घर पर जबरन कब्जा करने, जान से मारने की धमकी देने और लाखों रुपये के जेवर व नकदी लूटने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई है। प्रेमा देवी ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर उनके घर का ताला तोड़ दिया और उस पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायत के अनुसार, यह घटना बीते दिनों शुक्रवार को हुई। आरोपियों ने प्रेमा देवी के घर में घुसकर तोड़फोड़ की और वहां रखे 2 लाख रुपये के जेवर तथा 10 हजार रुपये नकद लूटने का आरोप लगाया है। प्रार्थिनी का कहना है कि उनके पास इस घटना से संबंधित सबूत भी मौजूद हैं। प्रेमा देवी ने शुभम साहू, चन्दन साहू, 10 पुलिसकर्मियों पर इस वारदात में शामिल होने का आरोप लगाया है। महिला ने यह भी बताया कि आरोपी पहले भी चाकू से हमला कर चुके हैं और लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे हैं। वे जबरन उनके मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। प्रेमा देवी ने पुलिस से आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। उन्होंने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। इस विषय पर डीएम ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

जौनपुर। जफराबाद रेलवे क्रासिंग के पास शुक्रवार की रात को पुलिस ने एक तस्कर को 51 ग्राम हीरोइन व बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत पांच लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार एसओजी के एसआई सत्यवीर सिंह को सूचना मिली कि एक तस्कर वाराणसी से जौनपुर हेरोइन बेचने के लिए लेकर आ रहा है। सूचना पर थानाप्रभारी सृष्टि जैन व सहयोगी थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल तत्काल मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। वहां पर थोड़ी देर में एक बाइक सवार पहुंचा। पुलिस की टीम ने उसे घेरेबंदी करके रोक लिया। उसने पुलिस टीम को अपने पास रखा 51 ग्राम हीरोइन सौप दिया। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर शैलेंद्र सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी तरवा थाना तरवा आजमगढ़ के पास से 51 ग्राम हीरोइन, एक बाइक, 11 हजार नौ सौ रुपये नगद मिला। तस्कर का चालान भेज दिया गया।

## नाली समस्या को लेकर लगायी गुहार

जौनपुर। नगर पंचायत केराकत के मोहल्ला सिपाह निवासी अधिवक्ता बृजेश कुमार सोनकर ने घर में गंदा पानी घुसने और बदबू की समस्या से परेशान होकर नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश से शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके घर में नल और नाले का गंदा पानी प्रवेश कर रहा है, जिससे बदबू फैल रही है और गंभीर बीमारी की आशंका बनी हुई है। बताया कि इस समस्या की शिकायत अधिशासी अधिकारी तथा नगर पंचायत अध्यक्ष से कई बार की गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। गंदे पानी के कारण परिवार के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ता ने नगर विकास मंत्री से मांग की है कि उनके घर के सामने नाली का समुचित निर्माण कराया जाये।

# अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर लगाया दुर्व्यवहार का अरोप, कार्यालय में की तोड़फोड़

जिला संवाददाता(vol)

- उग्र हुए अधिवक्ता कामकाज छोड़कर विरोध में उतरे, कचहरी परिसर में रहा गहमागहमी का माहौल
- सीओ सीटी व एसडीएम सदर के निलंबन पर अड़े अधिवक्ता

मीरजापुर। यूपी के मीरजापुर में सपा नेता एवं अधिवक्ता सतीश मिश्रा संग एसडीएम सदर द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ लिया है। अधिवक्ता एवं सपा नेता सतीश मिश्रा के समर्थन में बार एसोसिएशन ने शनिवार को आपात बैठक बुलाई। बैठक में अधिवक्ताओं ने सीओ सिटी विवेक जावला और एसडीएम सदर गुलाब चंद के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग उठाई। सपा नेता के समर्थन में भारी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे अधिवक्ताओं ने जबरदस्त तरीके से विरोध दर्ज कराया है। नाराज अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की है।

अधिवक्तासीओ सिटी विवेक जावला और एसडीएम सदर गुलाब चंद के निलंबन की मांग कर रहे। कहा यह दोनों अधिकारी नौकरशाह नहीं तानाशाही पर उतर आएं हैं। सरकार के गुंडे बन काम कर रहे हैं जो लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए कत्तई उचित नहीं कहा जा सकता है। बताते चलें कि जिले के अहरौरा एवं अष्टभुजा विंध्याचल स्थित टोल प्लाजा को हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष डाक्टर शिवकुमार पटेल के नेतृत्व में पिछले दस दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए थे, जिन्हें दो दिन पहले गुरुवार की रात अनशन कर रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस प्रशासन द्वारा जबरियां हटाने की सूचना पर कांग्रेसियों के समर्थन में पहुंचे सपा नेता अधिवक्ता सतीश मिश्रा से सीओ सिटी और एसडीएम सदर द्वारा दुर्व्यवहार किया गया था। सपा नेता को सीओ और एसडीएम ने अपशब्द बोलते हुए जबरन गाड़ी में बैठाया जिसका वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया।

## एसडीएम सदर का न्यायालय हुआ अधिवक्ताओं के आक्रोश का शिकार

अधिवक्ता से दुर्व्यवहार पर एसडीएम सदर न्यायालय को अधिवक्ताओं ने शनिवार को अपने आक्रोश का शिकार बनाया। इस दौरान अधिवक्ता सतीश मिश्रा के साथ एसडीएम सदर, सीओ सिटी के व्यवहार से बिफरे अधिवक्ताओं ने कहा जब तक दोनों को निलंबित नहीं किया जाता है तब तक वह शांत बैठने वाले नहीं हैं। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एसडीएम सदर गुलाबचंद एवं सीओ सिटी विवेक जावला मुदार्बाद के नारे लगाए। विरोध में अधिवक्ताओं की बैठक के बाद कचहरी के चक्रमण पर निकले थे अधिवक्ता, अधिवक्ताओं के नारों से कलेक्ट्रेट परिसर गूंज उठा था। एसडीएम सदर के न्यायालय में पहुंचकर अधिवक्ताओं ने तोड़ी कुर्सियां, फेंकी फाइल, जिससे वहां अफरा तफरी मच गई।

लैपटॉप, कंप्यूटर को भी बनाया आक्रोश का शिकार, कहां नहीं चलने देंगे प्रशासन की तानाशाही। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची भारी संख्या में पुलिस फोर्स, आसपास के कई थानों की पुलिस फोर्स सहित जिले के आलाधिकारी, मामला तनाव पूर्ण देख तथा अधिवक्ताओं के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए जिले की खुफिया एजेंसियां भी सतर्क नजर रखते हुए अलर्ट मूड़ में रहीं हैं। कुल मिलाकर कचहरी परिसर का मामला पूरी तरह से बदला बदला सा रहा है। इसके चलते दूरदराज से आने वाले वादकारियों का काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है तो कुछ लोगों को बिना कार्य के ही बुझे मन से वापस लौटना पड़ा है।

## छह आयुर्वेदिक अस्पतालों में चिकित्सक नहीं

जौनपुर। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति सरकारी उपेक्षा का शिकार है। आयुष को बढ़ावा देने के दावों के बावजूद, जिले के कई आयुर्वेदिक अस्पताल चिकित्सकों और मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। जिले के कुल 36 आयुर्वेदिक अस्पतालों में से छह में एक भी चिकित्सक तैनात नहीं है। इन अस्पतालों में ओपीडी का समय समाप्त होते ही ताले लग जाते हैं। शाहगंज में 25 शैय्या वाला अस्पताल है, जबकि लखनपुर और मड़ियाहूं में 15-15 शैय्या वाले अस्पताल संचालित हैं। इसके बावजूद, दोपहर तीन बजे के बाद इन अस्पतालों में कोई कर्मचारी या चिकित्सक मौजूद नहीं रहता। इसके अतिरिक्त, जिले के 36 में से 26 चार शैय्या वाले आयुर्वेदिक अस्पतालों में भी पीने के पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. कमल कुमार ने बताया कि लखनपुर, शाहगंज और मड़ियाहूं जैसे अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने का आदेश है, लेकिन संसाधनों की कमी है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सिकरारा में 50 बेड का एक अस्पताल निर्माणाधीन है, जिसके पूरा होने पर मरीजों को भर्ती की सुविधा मिल सकेगी।

## हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

जौनपुर। बक्सा थाना क्षेत्र के शंभूगंज बाजार के निकट शनिवार को पूर्वान्ह एक हादसा हो गया जिसमें एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरा घायल हो गया। बताते है कि 18 वर्षीय रोहन सोनकर पुत्र बटोही सोनकर अपने बाइक से शंभूगंज बाजार दवा लेने जा रहा था कि जैसे ही शंभूगंज बाजार से 100 मीटर पर दूरी पर था सामने से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई जहां उसकी मौके पर मौत हो गई दूसरा बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया दूसरा घायल अभी अज्ञात है। उसको किसी निजी के चिकित्सालय में ले जाया गया है मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया है मृतक अपने मां-बाप का अकेला पुत्र था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## स्कूल जाने निकला छात्र लापता

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर गांव से एक 16 वर्षीय छात्र के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्र के घर वापस न लौटने पर परिजनों में दहशत व्याप्त हो गया। काफी खोजबीन के बाद जब उसका कोई पता नहीं चला तो पिता ने केराकत कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विक्रमपुर गांव निवासी रामधनी कुमार पुत्र बब्बर राम का 16 वर्षीय पुत्र राजवीर कुमार बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे घर से पसेवा गांव स्थित मां वैष्णो इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए निकला था। लेकिन शाम तक जब वह घर वापस नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने पहले अपने स्तर से रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला इसके बाद परिजन विद्यालय पहुंचे और वहां जानकारी ली। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि राजवीर उस दिन स्कूल आया ही नहीं था। यह सुनते ही परिजनों के होश उड़ गए। परेशान पिता ने तत्काल केराकत कोतवाली पहुंचकर अपने बेटे के लापता होने की सूचना पुलिस को दी और जल्द खोजबीन की मांग की। राजवीर के पिता ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि उनका बेटा सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन अब तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है। बेटे के अचानक लापता होने से परिवार के सभी सदस्य बेहद चिंतित हैं। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव और आस-पास के क्षेत्र में भी चिंता का माहौल है।

## मनोनीत सभासदों को दिलायी शपथ



जौनपुर। नगर पालिका परिषद के टाउन हॉल मैदान में राज्यपाल द्वारा मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव थे। समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मनोरमा मौर्य ने की।

मनोनीत सभासदों को एसडीएम सदर द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सभी निर्वाचित और मनोनीत सभासद अध्यक्ष के साथ समन्वय स्थापित कर नगर के विकास और जनता की सुविधाओं के लिए एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मनोनीत सभासद अपने-अपने क्षेत्र के अनुभवी और कुशल व्यक्ति हैं, जिन्हें नगर की अच्छी जानकारी है। शपथ लेने वाले मनोनीत सभासदों में पंकज श्रीवास्तव , अरविंद गुप्ता, संदीप जायसवाल, रोहन सिंह और राहुल साहू शामिल थे। पीयूष गुप्ता, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी, नगर दक्षिणी के अध्यक्ष डॉ. कमलेश निषाद, रामसूरत मौर्य सहित बडी संख्या में उपस्थित रहे।

## मदरसा में डिप्टी डायरेक्टर का औचक निरीक्षण



जौनपुर। मछलीशहर स्थित मदरसा रियाजुल उलूम में डिप्टी डायरेक्टर विजय प्रताप यादव ने औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर कक्षा का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान हाजी इमरान ने डिप्टी डायरेक्टर को स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर कक्षा की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में रुचि बढ़ी है और उनका शैक्षिक स्तर भी बेहतर हुआ है। डिप्टी डायरेक्टर ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे सराहनीय बताया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 1 की छात्रा आयत से आरेन्ज की स्पेलिंग पूछी, वहीं कक्षा 5 के छात्र साहेबे आलम से ह्यराष्ट्र गौरव कलामह्न पाठ से संबंधित प्रश्न पूछे और पाठ पढ़वाया। दोनों छात्रों द्वारा सही उत्तर देने पर डिप्टी डायरेक्टर ने शिक्षकों और बच्चों की प्रशंसा की। उन्होंने मिड-डे मील (एमडीएम) भोजन, रसोई व्यवस्था, रजिस्टर, छात्रों की उपस्थिति, पठन-पाठन और साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया, जिससे वे संतुष्ट नजर आए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या महजबी बेगम, हाजी इमरान, रिजवान, फैजान, फरहत अंजुम, मोहम्मद वकील, नफीस अहमद, महमूद आलम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जहर देने के मामले में दो महिलाएं गिरफ्तार

आजमगढ़। तरवां थाना क्षेत्र में कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने शनिवार को दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, महुवारी गांव निवासी प्रियंका सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 16 अप्रैल को पुरानी रंजिश खत्म करने के बहाने संध्या सिंह और अर्चना सिंह ने उसके भाई को अपने घर बुलाया और कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया। इससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान 17 अप्रैल को उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने पहले संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था, जिसे बाद में मौत के बाद हत्या की धारा में परिवर्तित किया गया। शनिवार सुबह करीब 6:45 बजे थानाध्यक्ष चन्द्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों आरोपित महिलाओं को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान महिला पुलिसकर्मियों की भी सहायता ली गई। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के साथ कांस्टेबल रत्नेश कुमार सिंह, महेश यादव तथा महिला कांस्टेबल पूनम मौर्या और ज्योति सोनकर शामिल रहीं।

## जीएसटी विभाग की छापेमारी से हड़कम्प

आजमगढ़। नगर के मुख्य चैक स्थित एक किराना दुकान पर शुक्रवार को जीएसटी विभाग की टीम ने छापेमारी कर बड़ी कर चोरी का खुलासा किया। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई यह कार्रवाई रात 9 बजे तक चली, जिसमें टीम ने करीब 15 लाख रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के मुख्य चौक से कालीनगंज जाने वाले मार्ग पर स्थित पीएन इंटरप्राइजेज नामक दुकान पर असिस्टेंट कमिश्नर मैनेजर चौरसिया के नेतृत्व में टीम पहुंची। टीम ने दुकान में प्रवेश करते ही अभिलेखों की गहन जांच शुरू कर दी। लगभग नौ घंटे तक चली इस जांच में बिक्री और स्टॉक का मिलान किया गया। जांच के दौरान सामने आया कि दुकानदार ने लगभग तीन करोड़ रुपये का माल बेचा, लेकिन उस पर देय जीएसटी, जो करीब 15 लाख रुपये बनती थी, जमा नहीं की गई थी। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए व्यापारी से मौके पर ही 6 लाख रुपये जमा कराए और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने साथ ले गई। इस अचानक हुई छापेमारी से मुख्य चौक क्षेत्र में व्यापारियों के बीच हड़कंप मच गया। पूरे दिन बाजार में इसी कार्रवाई की चर्चा होती रही। इस संबंध में असिस्टेंट कमिश्नर मैनेजर चौरसिया ने बताया कि कर चोरी की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है और आगे की जांच जारी है।

## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, एक गिरफ्तार

जौनपुर। शाहगंज थाने की पुलिस ने रेलवे में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए पैसा लेने वाले एक अभियुक्त को गया गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार रामलगन यादव पुत्र रामअधार यादव निवासी ग्राम लवायन थाना खुटहन द्वारा अवगत कराया गया कि अबू मोहम्मद उर्फ बबलू पुत्र सब्बीर अहमद निवासी ग्राम कौड़िया थाना शाहगंज द्वारा अपने सहयोगी मुनौव्वर से मेरे पुत्र चन्द्रेश यादव को रेलवे में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर कूटरचित फर्जी ज्वायनिंग लैटर प्रदान कर धोखेधडी से मनौव्वर की रिश्तेदार खुशबू व राजेश विश्वकर्मा के खाते में चार लाख रुपए व 02 लाख रुपए नगद लिया गया। वादी को पीडित को जब अपने साथ ठगी का अहसास हुआ तो पैसा वापस मांगने पर गाली-गलौज करते हुये जान से मरवाने की धमकी देकर डराया गया है इसके संबंध में थाना शाहगंज पर विभिन्न धाराओं में. मुकदमा पंजीकृत था। षनिवार को को उप निरीक्षक रामविचार ने अबू मोहम्मद उर्फ बबलू पुत्र सब्बीर मोहम्मद निवासी ग्राम कौड़िया थाना शाहगंज को कौड़ियां शाहगंज से गिरफ्तार किया है।

## एक और शस्त्र लाइसेंस निरस्त

आजमगढ़। जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त शस्त्र लाइसेंस धारकों पर कड़ा प्रहार करते हुए अब तक कुल 71 शस्त्र लाइसेंस निरस्त या निलंबित किए जा चुके हैं। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार की संस्तुति तथा जिला मजिस्ट्रेट रविन्द्र कुमार के अनुमोदन के बाद की गई है। प्रशासन का मानना है कि आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के पास शस्त्र बने रहना जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। अभियान के तहत नवीनतम कार्रवाई में एक और शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया गया है। यह कार्रवाई सिधारी थाना क्षेत्र के भदुली गांव निवासी शंकर प्रसाद योगाचार्य के खिलाफ की गई, जिनका रिवॉल्वर/पिस्टल लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज पाए गए थे, जिसके चलते यह कदम उठाया गया। पुलिस प्रशासन के अनुसार, ऐसे व्यक्तियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, जो अपराध में लिप्त हैं और जिनके पास शस्त्र होने से आम जनता में भय का माहौल बनता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने स्पष्ट किया कि जनपद में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिन भी व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध या आपराधिक पाई जाएंगी, उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूती मिलेगी।

## समाधान दिवस में आये 138 प्रार्थना पत्र, 12 का निस्तारण



जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की उपस्थिति में तहसील मडियाहूं में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा लोगों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र अग्रसारित करते हुए ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही के निर्देश दिए गए। मंगला सिंह निवासी छीतम सराय, रामनगर, मडियाहू द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि आधार में उनका नंबर मंगला सिंह दर्ज है जबकि खतौनी में उनका नाम मंगला प्रसाद दर्ज है।

नाम मिसमैच होने के कारण उनका फार्मर रजिस्ट्री आईडी नहीं बन पा रहा है। प्रकरण संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने तत्काल तहसीलदार को खतौनी में नाम संशोधित कराने के निर्देश दिए। चंद्र प्रकाश सिंह निवासी गनापुर मडियाहूं द्वारा अवैध कब्जे के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी मडियाहू को स्थलीय निरीक्षण करने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। रामलखन निवासी जमुआ सिकरारा द्वारा अवगत कराया गया कि उनका किसान सम्माननिधि विगत 2 वर्ष से नहीं मिल रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को जांच करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 138 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 12 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मडियाहू नवीन कुमार, तहसीलदार राकेश कुमार, क्षेत्राधिकारी, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिलों में आज भी बसी हुई है आशा भोसले: सलिल पांडेय

मीरजापुर। लोक संस्कृति संरक्षण केंद्र के तत्वावधान में प्रख्यात गायिका आशा भोंसले के निधन पश्चात विशुंदरपुर स्थित ट्रांजिस्टर हाल (सरकारी आवास कालोनी) में विचार गोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें उनके द्वारा गाए गए प्रमुख गीतों को गाते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार सलिल पांडेय जी ने बीते हुए दौर के कलाकारों के प्रसंग पर चर्चा करते हुए उस दौर के गीतों जिनकी आज भी प्रासंगिकता बनी हुई है पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा तमाम उतार चढ़ाव और दो अर्थी गीतों के बाद भी आशा भोसले ने कभी भी अपने मूल मार्ग से भटकने का काम नहीं किया उनके गीत केवल गीत और संगीत ही नहीं थे बल्कि समाज को दशा और दिशा प्रदान करते हुए लोगों का स्वस्थ मनोरंजन करते हुए गीत संगीत के जरिए लोगों को सकुन भी प्रदान करने वाले होते थे। यही कारण रहा है कि उनके द्वारा गाए गए गीतों को आज भी लोग गुनगुनाने से पीछे नहीं हैं। पत्रकार राजेन्द्र तिवारी एवं संतोष श्रीवास्तव ने आशा भोसले के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। महंत योगानंद गिरि जी महाराज ने कहा आशा भोसले ने अपने गीतों को संघर्ष से संग्रहित किया तथा समाज में मानविय, निस्काम भाव से उसे समर्पित किया। जो आज भी उन्हें जीवन्त बनाए हुए है। पूर्व कर्मचारी नेता एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी ने कहा हिंदुस्तान ही नहीं पूरे विश्व में हजारों समृद्ध शाली गीतों के जरिए करोड़ों लोगों के दिलों में राज करने वाली आशा भोसले सदैव जीवंत रहेंगी। उनके गीत जबतक बजते रहेंगे तबतक वह लोगों के दिलों में धड़कती रहेगी और अनंतकाल तक जीवित रहेगी। अन्तर्राष्ट्रीय लोकगीत कजली गायिका उषा गुप्ता जी आशा भोसले की याद को जीवंत करते हुए .. दुनियां ने हमको दिया क्या... ! दम मारों दम मिट जाये सारे गम हरे कृष्णा हरे राम... ! मेरे अरमां, अरमां ही रह गये... ! सुनाकर लोगों को झकझोर दिया। इसी कड़ी में लोक गायक एवं अधिवक्ता शिवलाल गुप्ता ने सुनाया ...एक रोज छोड़कर के संसार जाना होगा, परिवार को तो केवल मातम मनाना होगा। बिछुड़ेगें अपने साथी मइत्त जिस दिन उडेगी घर से... ! मिट्टी की तेरी काया मिट्टी में ही मिलेगी, केवल कफन के पाट में गंगा नहाना होगा... ! इस मौके पर मुख्य रूप से विख्यात बूढ़ेनाथ मंदिर के महंत योगानंद गिरि जी महाराज, वरिष्ठ साहित्यकार सलिल पांडेय, राजेन्द्र तिवारी, संतोष श्रीवास्तव, राकेश द्विवेदी, शिवशंकर उपाध्याय, नितिन अवस्थी, संतोष देव गिरि, राजनराज शर्मा, अजय गुप्ता, संदर्भ पांडेय, शिवभोला सिंह, विकास तिवारी, विष्णु पांडेय, जिला सूचना अधिकारी ओमप्रकाश उपाध्याय, अन्तर्राष्ट्रीय लोकगीत गायिका उषा गुप्ता, विरेन्द्र गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अंत में दो मिनट का मौन रख, गोष्ठी का समापन किया गया। जिला सूचना अधिकारी ओमप्रकाश उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गोष्ठी का समापन किया।

## पेंशनर्स 21 अप्रैल को करेंगे धरना-प्रदर्शन

जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा केंद्र सरकार के पारित वित्त बिधेयक 2025 से पेंशनर्स के साथ सेवानिवृत्त की तिथि के अनुसार भेद-भाव करके, वेतन आयोग के टर्म्स रिफरेन्स से पेन्शनर्स को बाहर किए, जाने के विरोध मे आगामी दिनांक-21अप्रैल को देश भर मे होने वाले बिरोध प्रदर्शन के साथ जनपद पर होने वाले बिरोध प्रदर्शन के तैयारी की समीक्षा बैठक जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह की अध्यक्षता मे की गयी। बैठक मे उपस्थित पेंशनर्स एवं पदाधिकारी अपने किए गए प्रयास से सदन को अवगत कराया। जिला मंत्री कृपाशंकर उपाध्याय ने बताया कि संगठन के चलाए जा रहे पेंशनर्स हस्ताक्षर अभियान मे अबतक एक हजार आठ सौ पेंशनर्स हस्ताक्षर करके माननीय प्रधान मन्त्री भारत सरकार को भेजे जाने हेतु जमा किए है। पेंशनर्स के टर्म्स रिफरेन्स को आठवे बेतन आयोग मे सम्मिलित किए जाने तक हस्ताक्षर अभियान अनवरत चलता रहेगा, जिसे चरणबद्ध मा0प्रधान मन्त्री जी भारत सरकार को प्रदेश संगठन स्तर पर जनपदो से संकलित कर भेजा जाएगा। इ.रामआसरे रजक, मिठाई लाल, पलकधारी, के के तिवारी, कंचन सिह, शेषनाथ सिंह, अनिलकुमार श्रीवास्तव, इ0मदन मोहन सोनकर, राजेश श्रीवास्तव, नन्दलाल सरोज, डॉक्टर भारत यादव, राम अवध लाल, महालक्ष्मी वर्मा, लाल मनी देवी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रही।

# शिक्षकों को जरूर मिलनी चाहिए पुरानी पेंशन: देवेंद्र प्रताप

जिला संवाददाता



आजमगढ़। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई पल्हनी, आजमगढ़ के तत्वावधान में शैक्षिक सम्मान समारोह एवं शिक्षोन्नयन गोष्ठी का आयोजन नगर के हरिऔध कला केंद्र के सभागार में शनिवार को हुआ। जिसमे उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त शिक्षको को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह, धार्मिक पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि एमएलएसी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहाकि देश की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से आज चैथे स्थान पर पहुंच चुकी है जल्द ही तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था होने वाली है ऐसे में राष्ट्र निर्माण में समर्पित रहने वाले शिक्षकों को पुरानी पेंशन जरूर मिलनी चाहिए इसकी हम पूरजोर मांग करते है। आगे एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहाकि शिक्षा के अलावा शिक्षकों को 27 तरह के अन्य कार्य भी करने होते है जबकि शिक्षक एक राष्ट्र निमार्ता है इसे गुलाम न समझा जाए। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि शिक्षकों को टेट की परीक्षा नहीं देनी पड़ेगी, हम अपना पक्ष रखेंगे और पूरी उम्मीद करते है कि शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन को व्यवहारिक बताते हुए कहाकि मुझे शिक्षकों के लिए संघर्ष करने का देवीय निर्देश मिला है उसके लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे, शिक्षकों को भी गरिमामयी जीवन जीने का अधिकार है।

शिक्षक नेता वेदपाल सिंह ने कहाकि संगठन ने अपने संघषो के बलबूते शिक्षकों को शून्य से शिखर तक पहुंचाया है। इस दौरान उन्होंने शिक्षक और शिक्षकतत्व पर विशेष जोर देते हुए कहाकि चरित्र निर्माण में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है इसके लिए शिक्षकों को अपने गुणवत्ता पर सदैव ध्यान देने की आवश्यकता हैं। प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने कहाकि हम शिक्षकों ने हर उपलब्धि को संघर्षो के दम पर प्राप्त किया है।

भाजपा नेता अखिलेश मिश्र गुड्डू ने कहाकि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम ही नहीं पढ़ाता बल्कि समाजं को राह दिखाने के साथ साथ समाज को आइना दिखाने का कार्य करता हैं। पूर्व विधायक श्रीमती बन्दना सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता मैं भी शिक्षक की बेटी हूं पोती हू, मुझकों शिक्षकों के गहरा लगाव है, और शिक्षक आजीवन शिक्षक ही होता है। वहीं जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री जितेंद्र राय, अवधराज सिंह, उमाशंकर सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने चर्चा की। पल्हनी अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा जगत को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। अध्यक्षता अविनाश राय व संचालन अंशु अस्थाना, कंचन मौर्य ने किया। इस अवसर पर बीईओ दिनेश वर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह, अरूण त्रिपाठी, अल्का सिंह, सपना पाठक, पूनम मिश्रा, मंजू उपाध्याय, प्रियंका श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## ट्रक चालक की रास्ते में बिगड़ी तबीयत अस्पताल पहुंचने पर हुई मौत

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। कोलकाता से किराना का सामान लादकर मध्य-प्रदेश के जबलपुर और भोपाल जा रहे ट्रक चालक की ड्रमंडगंज पहुंचने पर अचानक तबीयत बिगड़ गई जहां अस्पताल पहुंचने पर ट्रक चालक की मौत हो गई। कोलकाता से किराना का सामान लादकर मध्य-प्रदेश के जबलपुर और भोपाल जा रहे ट्रक चालक 45 वर्षीय परवेज आलम निवासी भोपाल जैसे ही शुक्रवार की रात 11 बजे के करीब मीरजापुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित देवहट ड्रमंडगंज गांव में पहुंचा तो अचानक तबीयत बिगड़ गई। ट्रक चालक ने ट्रक हाइवे किनारे खड़ा कर दिया। पीछे आ रहे अपने साथी ट्रक चालक को तबीयत बिगड़ने की जानकारी दी।

ट्रक चालक कुछ ही देर में अचेत हो गया। देवहट गांव निवासी सुरेश बिंद ने ट्रक चालक की हालत गंभीर देखकर हेल्पलाइन नंबर 112 पर फोन कर सूचना दी। सूचना पर पहुंचे पीआरवी 6868 के मुख्य आरक्षी अश्वनी मिश्रा ने एंबुलेंस से उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजा। जहां पहुंचने पर डा विवेक खरे ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया। डा विवेक खरे ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही ट्रक चालक की मौत हो चुकी थी। मृतक ट्रक चालक के साथी मोहम्मद पुरानुद्दीन निवासी रतन पड़ौली जिला सीवान बिहार ने बताया कि कोलकाता से दोनों लोग अलग-अलग ट्रक पर जबलपुर और भोपाल का किराना सामान लादकर एक साथ ही जा रहे थे जैसे ही वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज के देवहट गांव में पहुंचे तो अचानक परवेज आलम की तबीयत बिगड़ गई। परवेज को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक ट्रक चालक को डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की बीमारी थी। घटना की सूचना परिजनों और ट्रक मालिक को दी गई है। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि अस्पताल की सूचना पर मृतक ट्रक चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# समाधान दिवस में 73 शिकायतें मिलीं, 7 का निस्तारण



**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर की उपस्थिति में शनिवार को सदर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों ने राजस्व, पुलिस, विकास एवं अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायतकताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 73 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 33 राजस्व, 15 पुलिस, 04 विकास तथा 21 अन्य विभागों से संबंधित थे। इनमें से 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। साथ ही, दो पात्र लाभार्थियों को अन्त्योदय राशन कार्ड एवं एक लाभार्थी को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित कर त्वरित राहत प्रदान की गई। शेष प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का समाधान पारदर्शी, समयबद्ध एवं संतोषजनक ढंग से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने पुलिस से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर त्वरित रूप से किया जाए।इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में बाल विवाह के रोकथाम पर जनजागरण



**देवरिया।** सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर अक्षय तृतीया के दिन होने वाले सम्भावित बाल विवाह की रोक थाम, प्रचार प्रसार एवं बाल विवाह पर प्रतिबंध लगायें जाने हेतु जन जागरण कार्यक्रम चलाया गया कार्यक्रम में श्रीमती मिनू जायसवाल मनोवैज्ञानिक वन स्टाप के द्वारा बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करायें जाने के दोषी पाए जाने पर 1 लाख रुपए जुमार्ना एवं 2 वर्ष के दंड का प्रावधान है जिसमें लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम नहीं होने चाहिए, बाल विवाह करना या करवाना संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस 112, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी (सी एम पी ओ), बाल कल्याण समिति, जिला मजिस्ट्रेट, न्यायालय, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को दिया जा सकता है, कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदया के द्वारा बाल विवाह के खिलाफ सपथ/प्रतिज्ञा दिलाया गया तथा जनपद को बाल विवाह मुक्त जनपद बनायें जाने हेतु अपील भी किया गया, जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा आम जनमानस एवं सभ्य जनों से यह अपील किया गया कि जनपद को बाल विवाह मुक्त जनपद बनायें जाने हेतु जनपद के समस्त नागरिक, धार्मिक स्थल धर्म गुरु, प्रबंधक विवाह/कार्यक्रम स्थल, समाजसेवी, शैक्षणिक संस्थान, स्वैच्छिक संगठन, अधिकारी कर्मचारीगण, एवं आम जनमानस से यह अपील है कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह होने की सूचना 1098,181,112 पर तुरंत दें। ,कार्यक्रम में श्री जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा आभार प्रकट करते हुए बाल विवाह के नियम एवं प्रावधान से अवगत कराया गया, कार्यक्रम में मुख्य से पुलिस अधीक्षक महोदय, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर, समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी, तहसील क्षेत्र के समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, महिला कल्याण विभाग के श्रीमती मंशा सिंह जिला समन्वयक हव फार इम्पावरमेंट आफ वूमेन, श्री अमित उपाध्यक्ष केश वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन, श्री अरविन्द यादव ,कर्मचारीगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे

## दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन के इच्छुक संस्थाए 15 मई तक आवेदन करें: सीडीओ

जिला संवाददाता

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी रण विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायतायोजनान्तर्गत परियोजनाओं/कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए स्वैच्छिक संगठनों के अनुदान प्रस्ताव के लिए आवेदन-पत्रों का आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में परिभाषित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं (मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण दिव्यांगजन को छोड़कर) के लिए ह्ढदिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायताह्ढ योजनान्तर्गत 07 परियोजनाओं/कार्यक्रमों जिनमें अर्ली इण्टरवेंशन सेन्टर, डे केयर सेन्टर/प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्कूल स्तर तक के विद्यालयों का संचालन, जूनियर हाईस्कूल स्तर तक के विद्यालयों का संचालन, हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास (अधिकतम 04 ट्रेड तथा न्यूनतम 02 ट्रेड) तथा पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालयों का संचालन किया जाना शामिल है। क्रियान्वयन के लिए स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदान प्रदान किए जाने की व्यवस्था प्रदेश सरकार द्वारा की गयी है। उन्होंने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अन्तर्गत पंजीकृत प्रदेश के स्वैच्छिक संगठन जो सम्बन्धित क्षेत्र में अनुभव तथा उक्त योजना के लिए पात्रता रखते हों, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 की वेबसाइट से प्रपत्र योजना से सम्बन्धित कार्यकारी आदेश/दिशा-निर्देश व आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं ह्ढदिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायताह्ढ योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुदान प्रस्ताव दो प्रतियों में दिनांक 15 मई, 2026 तक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बिजनौर के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## समाधान दिवस में जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनसुनवाई एवं शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण के उद्देश्य से आज तहसील सदर पडरौना में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

इस अवसर पर कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण, मनरेगा, राजस्व, पुलिस एवं अन्य विभागों से संबंधित कुल 70 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 12 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष 58 प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।इस दौरान राजस्व विभागः 42 (निस्तारित 12, अवशेष 30)पुलिस विभागः 14 (निस्तारित 0, अवशेष 14), विकास विभागः 11 (निस्तारित 0, अवशेष 11), अन्य विभागः 03 (निस्तारित 0, अवशेष 03), जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों की जांच प्राथमिकता के आधार पर करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। विशेष रूप से राजस्व संबंधी विवादित मामलों के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर समाधान करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद, आपसी रंजिश, कानून-व्यवस्था एवं अन्य संवेदनशील मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्र प्रकाश बर्मा, उपजिलाधिकारी पडरौना, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, समस्त थाना प्रभारी, जनपद स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मां ने पुत्र पौत्र व पौत्री पर दर्ज कराया प्रताड़ना का मुकदमा

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बिन्दवलिया निवासी एक माँ ने प्रताडना मारपीट से परेशान होकर अपने ही पुत्र पौत्र व पौत्री पर थाने दर्ज करायी मुकदमा ।इस सम्बन्ध में ग्राम विन्दवलिया निवासी शान्ति देवी पत्नी राम अशीष ने शिकायत प्रकोष्ठ देवरिया मे दिये के आवेदन पत्र में लिखी है कि मेरा पुत्र चन्द्रभूषण पौत्र प्रिन्स व पौत्री पिंकी पुत्रगण चन्द्रभूषण तीनो मिलकर बूरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिये ।जान से मारने की धमकी देते हुए अपना गुजर बसर करने के लिए बटाई गेहूँ की फसल बोई थी ।तीनो मिल काट ले गये ।विरोध करने पर मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिये ।मेरे सामने रोटी की समस्या पैदा हो गयी है ।अपने पुत्र को खेत बेचकर रुपया दी थी ।कम्पाईन खरीदा ।इसके बावजूद मेरे ऊपर अत्याचार कर मारपीट व गाली देता रहता है ।घर से बाहर निकल दिया है ।पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए पुत्र द्वारा अबैध रुप से कब्जा किये गये जमीन से कब्जा मुक्त कराने की गाँग किया है ।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुत्र पौत्र व पौत्री पर पुलिस ने धारा 115(2).351.351(3)व324(4)बी एन एस के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही है ।

## कवि सम्मेलन 26 को, शिरकत करेंगे नामचीन शायर

**देवरिया।** देवरिया में नव कुंभ साहित्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में 26 अप्रैल को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के नामचीन कवि और शायर भाग लेंगे। यह जानकारी शनिवार को यहां एक होटल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप कुमार मिश्र तथा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी ने दी।

उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन जिला पंचायत सभागार में 26 अप्रैल की शाम छह बजे से प्रारंभ होगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का संचालन मशहूर शायर जनाब अजहर इकबाल करेंगे, जबकि प्रसिद्ध शायरा मुमताज नसीम विशेष आकर्षण होंगी।

उन्होंने बताया कि कवि सम्मेलन में शायर अफजल इलाहाबादी, बाराबंकी के ओम शर्मा 'ओम', स्थानीय गजलकारा सीमा नयन, लखनऊ की डॉ. पूर्णिमा भसीन तथा आकाशवाणी की प्रस्तोता डॉ. जयति ओझा अपनी रचनाओं का पाठ करेंगी।

## चोरी के सामान के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय पुलिस ने चोरी के चटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी के समान के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाब हुई है ।पुलिस के उच्चाधिकारियों के आदेश पर अपराध व अपराधियों के रोकथाम के लिए चलाये गये अभियान के क्रम में भटनी थाने में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 106/2026धारा 305(ए)331(4)बी एन एस बढ़ोत्तरी धारा 317सम्बंधित मामले में प्रकाश में आये अभियुक्तगण नितेश यादव पुत्र जयश्री यादव ग्राम ग्राम मठिया थाना भटनी विशाल बैठा पुत्र अखिलेश बैठा ग्राम मारडाटार थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज बिहार कन्हैया बैठा पुत्र पूर्णवासी बैठा ग्राम खोरीबारी रामपुर थाना भटनी को ग्राम मठिया के बागीचे से चोरी के माल के दो सिलेंडर (इन्डेन)प्रत्येक 15केजी प्लास्टिक के बोरीमें डाटा केबल दो अदद एम किंग .एक सुपरवाईस एक जिंक एलाय एक यूनीसन व एक अदद एडाप्टर (विवोकम्पनी 40वाट मोटरसाइकिल ट्यूब एक दो ट्यूब (मैक्स) 5सुरक्षा गैस पाईप 17सायकिल ट्यूब पाँच सुरक्षा गैस पाईप सात स्टोप चूल्हा के साथ पुलिस गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाई कर रही है ।ज्ञातव्य है कि पिछले 16अप्रैल को शम्भुनाथ शर्मा ग्राम महुराँव निवासी द्वारा चोरी का मामला दर्ज कराया था। तहरीर ने वादी द्वारा 14अप्रैल की रात्रि में दुकान से उपरोक्त समान चोरी की सूचना दिया था ।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार मुख्य आरक्षी अरविंद यादव चन्द्रिका प्रजापति आरक्षी सुधीर यादव व अमृत कुमार शामिल

## दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**देवरिया।** जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत विवाह करने वाले दिव्यांग दम्पतियों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। योजना के अनुसार यदि पुरुष दिव्यांग है तो ?15,000, महिला दिव्यांग होने पर ?20,000 तथा यदि पति-पत्नी दोनों दिव्यांग हैं तो ?35,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है ।उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्र दिव्यांगजन आवेदन करते समय दम्पति का संयुक्त नवीनतम फोटोग्राफ (जिसमें दिव्यांगता प्रदर्शित हो), आयु प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय एवं जाति प्रमाण पत्र तथा राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता से संबंधित दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है ।आवेदन हेतु अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं ।किसी भी प्रकार की जानकारी या असुविधा होने पर कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, देवरिया में कार्य दिवसों में संपर्क किया जा सकता है।

## कलश यात्रा संग नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



**कुबेरस्थान, कुशीनगर।** कसया तहसील क्षेत्र के महुअवा कारखाना स्थित पुरन्दरपुर गांव में नवनिर्मित शिवमन्दिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ के लिये शनिवार को ग्यारह सौ पीत वस्त्रधारी कन्याओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाला गया। गाजे-बाजे, हाथी, घोड़े व ऊँट के बीच बड़ी संख्या में चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों के साथ निकले कलश यात्रा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यात्रा का जगहझ्रजगह भक्तजनों ने स्वागत किया।

प्रातः आठ बजे यज्ञाचार्य पंडित शुभेंदु वेदांती त्रिपाठी एवं सात अन्य आचार्यों द्वारा पांच जजमानों से महायज्ञ के निमित्त यज्ञभूमि का पूजन कराकर ग्यारह सौ कन्याओं संग कलश यात्रा का शुभारम्भ कराया गया।यात्रा को फाजिलनगर के विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा,राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य फुलबदन कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष कुशीनगर दुर्गेश राय, फाजिलनगर मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह,एवं भाजपा नेता चंद्रप्रकाश यादव चमन ने शिवघोष के मध्य भगवा झंडा लहराकर रवाना किया।

कलश यात्रा मन्दिर परिसर से निकलकर रावतपार, डिग्री, बसडिला पाण्डेय रुदवलिया, पोखरभिंडा एवं महुअवा कारखाना होते हुए घाघी नदी पहुंचा। जहां विद्वान आचार्यों ने मंत्रोच्चार के बीच पीत वस्त्रधारी कन्याओं से कलश में घाघी नदी का पवित्र जल भरवाया। ततपश्चात कलश यात्रा पुनः प्रारंभ होकर महायज्ञ स्थल पहुंचा जहाँ विधि-विधान के साथ कलशों को यज्ञमण्डप में स्थापित कराया गया। महायज्ञ के विषय में समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से अयोध्या की कथावाचिका मानस मंदाकिनी का प्रवचन होगा एवं प्रत्येक शाम आठ बजे से 12:00 बजे तक रामलीला का मंचन होगा।24 अप्रैल को शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं 26 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं महाभंडारा आयोजित होगा।कलश यात्रा में डॉ रमेश त्रिपाठी, महेश्वर सिंह, भाजपा नेता कन्हैया गौंड, मंडल अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, सोनू मद्धेशिया, डॉ रमेश त्रिपाठी, विजय चौधरी, महेंद्र दुबे, उमाशंकर मद्धेशिया, मनोज सिंह, अजीत तिवारी, तुर्कपट्टी पुलिस एवं अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता के घर जान से मारने की धमकी दो महिलाओं पर मुकदमा दर्ज

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवा बाबू गांव में एक अधिवक्ता के घर पहुंचकर गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।पुलिस के अनुसार बेलवा बाबू निवासी गोपीचंद गुप्ता अधिवक्ता ने तहरीर देकर बताया कि गांव की महिला सावित्री देवी पत्नी मनोज चौहान उन्हें पहले से धमकी देती रहती थी कि झूठे मुकदमे में फंसा देगी। आरोप है कि 11 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे जब वह अपने भाई के साथ थाने से लौटे, तभी सावित्री देवी और उसकी सौतन सुनीता देवी पत्नी मनोज चौहान उनके दरवाजे पर पहुंच गईं।

शिकायत में कहा गया है कि दोनों महिलाओं ने उनकी वृद्ध माता को भद्दी-भद्दी गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी दी। इस घटना से परिवार दहशत में है और उनके पेशेवर कार्य में भी बाधा उत्पन्न हो रही है ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपित महिलाओं सावित्री देवी पत्नी मनोज चौहान निवासी ग्राम बेलवा बाबू व सुनीता देवी पत्नी मनोज चौहान निवासी बेलवा बाबू थाना भटनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर धारा 352 बीएनएसझ्र 351(3) बीएनएस के अंतर्गत पुलिस जाँच में जुटी है।

## निपुण विद्यालय आकलन विद्यार्थी रिपोर्ट कार्ड का वितरण

देवरिया, । सदर विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया में आज डायट प्रवक्ता गोविंद जी गुप्ता और आफताब अहमद द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता व सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान विद्यालय के सभी बच्चों के साथ शैक्षिक गुणवत्ता को मौखिक प्रश्नों के माध्यम से परखा ।साथ ही उनके द्वारा निपुण विद्यालय आकलन विद्यार्थी रिपोर्ट कार्ड बच्चों को वितरित किया गया।

## गौआश्रय स्थानों के लिए भूसा दान में समाजसेवियों का सहयोग जरूरी: संजय पाठक



**देवरिया।** जनपद में 15 अप्रैल से निराश्रित गोआश्रयों हेतु भूसा संग्रहण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में निराश्रित गोआश्रय स्थलों में रह रहे गोवंश के भरण-पोषण के लिए समाजसेवी संजय पाठक ने शासन के अपील पर भक्ति वाटिका के राजनरायनाचार्य एवं उनके अनुयायी श्यामसुंदर खेतान के सहयोग से 42 कुंतल भूसा पिपरपाती के कान्हा गोशाला को दान किया। पाठक ने बताया कि गर्मी के मौसम में हरे चारे की कमी हो जाती है। ऐसे में भूसा ही गोवंश का मुख्य आहार बनता है ।जिले के सभी गोआश्रयों में सैकड़ों निराश्रित गायें रह रही हैं। सरकार के साथ-साथ समाज का सहयोग बहुत जरूरी है। जो लोग गौ सेवा करना चाहते हैं, वे अपने नजदीकी निराश्रित गोआश्रय में भूसा, चोकर या गुड़ दान कर सकते हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.श्रीनिवास ने भूसा दान करने वाले सभी समाजसेवियों का आभार जताया और कहा कि यह सहयोग आगे भी जारी रहना चाहिए। इस अवसर पर डॉ सतीश,पीयूष श्रीवास्तव,राकेश कुमार भारती,राजनरायन चतुवेर्दी,लोकेश सिंह एवं कृष्णकांत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 32 मामलो का तत्काल समाधान



**फतेहपुर।** जिला प्रशासन की मंशा है कि आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, इसी क्रम में अप्रैल माह के तृतीय शनिवार को तहसील बिन्दकी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल एवं जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और तत्काल समाधान के निर्देश दिए ।कार्यक्रम में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न स्टाल लगाए गए, जहां नागरिकों ने भरपूर रुचि दिखाई। सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत 05 आवेदन प्राप्त हुए, समाज कल्याण विभाग से 06 वृद्धा पेंशन आवेदन दर्ज किए गए। दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग ने 22 उपकरण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए। होम्योपैथिक एवं यूनानी विभाग ने 62 मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराईं, जबकि आयुष विभाग ने 29 लोगों को औषधियां दीं। कृषि विभाग के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 06 आवेदन आए, जिला पूर्ति विभाग से 15 राशन कार्ड संबंधी शिकायतें एवं 02 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के आवेदन प्राप्त हुए। स्टालों पर मौजूद अधिकारियों नेयोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, जिससे ग्रामीणों कोलाभार्थी बनने में आसानी हुई ।शिकायत निस्तारण में गतिः 32 का तत्काल समाधानसम्पूर्ण समाधान दिवस में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग सशक्तिकरण, निराश्रित महिला पेंशन, सिंचाई, नलकूप, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से कुल 176 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 32 शिकायतों का उपस्थित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 144 प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिए ।जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनते हुए कहा, ₹फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी ससमय संज्ञान नहीं लेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।₹ उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि शासकीय कार्यों में कोई ढिलाई न बरती जाए, ताकि कोई भी गरीब या पात्र व्यक्ति शासन की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे ।पुलिस विभाग ने भी की सक्रियतापुलिस क्षेत्राधिकारी ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इससे स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था संबंधी मुद्दों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित हुआ।

## चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित




**कुशीनगर।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर बुद्ध महापरिनिर्वाण मुख्य मंदिर परिसर में रोटरी क्लब कुशीनगर एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 में प्रथम स्थान पल्लवी सिंह, द्वितीय स्थान अनुष्का यादव एवं तृतीय स्थान राधिका कश्यप ने प्राप्त किया। कक्षा 7 में प्रथम स्थान अन्वी सिंह, द्वितीय स्थान अमृता सिंह एवं तृतीय स्थान अंशिका कुशवाहा ने प्राप्त किया। कक्षा 8 में प्रथम स्थान श्वेता पटेल, द्वितीय स्थान उजाला चौहान एवं तृतीय स्थान संध्या शर्मा ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि कुशीनगर मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग एवं रोटरी क्लब के इस संयुक्त प्रयास किस सराहना करते हुए प्रतिभागी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि क्लब संरक्षक एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने प्रतिभागी बच्चों के कलात्मक प्रयास किस सरहना की। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि भंते नंदिका एवं भंते अशोक ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त विजेताओं को 1100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया ।पुरातत्व सर्वेक्षण संरक्षण सहायक शादाब खान ने प्रतियोगिता की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं। संचालन कर रहे रोटरी क्लब कुशीनगर के सह संरक्षक वाहिद अली ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कला और धरोहर का संरक्षण हमारी संस्कृति की पहचान को संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में कला के प्रति रुचि जागृत करना एवं धरोहर संरक्षण का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम के आयोजन में रोटरी क्लब के सदस्यों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की टीम ने सक्रिय सहयोग किया। प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व नोटबुक देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को साइकिल, टेबल फैन एवं दीवार घड़ी दिया गया। इस अवसर पर उद्यान प्रभारी वीरेंद्र प्रकाश, उपाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, उपाध्यक्ष जायसवाल, सह सचिव सदरे आलम, अिरुण वर्मा, अखिलेश शर्मा, सत्येंद्र राय, मनीष सिंह , आशीष अग्रवाल, दीपेश कुमार सिंह, आदिल खान उपस्थित रहे।

## बोलेरो की टक्कर से दो की मौत, महिला घायल

**कुशीनगर।** पडरौना-रामकोला मुख्य मार्ग पर शनिवार अपराह्न करीब 3 बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो ने मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम कुस्महा निवासी 35 वर्षीय मनोज पुत्र रोहित अपने परिचित (बगलगीर) गुड्डू के ससुर 60 वर्षीय मोतीलाल पुत्र वंशी, निवासी बंधू छपरा (कोतवाली पडरौना) को देखने रामकोला सीएचसी गए थे। इलाज के बाद डॉक्टरों द्वारा मोतीलाल को डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके बाद मनोज अपनी मोटरसाइकिल पर मोतीलाल और उनकी बहू तनुष्का पत्नी दिलीप को लेकर बंधू छपरा वापस जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे पडरौना-रामकोला रोड पर होटल पार्थ के समीप पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनोज और मोतीलाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठी तनुष्का गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी।

संक्षेप

## पत्नी समेत मायके वालों ने किया दामाद पर जानलेवा हमला

मोहम्मदी खीरी। गांव मगरेना में पति-पत्नी के विवाद में पत्नी ने मायके फोन कर माता-पिता और भाई को घर बुला कर संयुक्त रूप से सभी ने एक राय होकर लात घूंसो से पिटाई करते हुए पति की गर्दन पर कैंची से जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया आनन-फानन में इलाज के लिए सी एच सी पर भर्ती कराया गया डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक होने पर लखीमपुर रेफर किया है। मगरेना निवासी रामकुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया उसका बेटे की शादी कुछ दिन पहले थाना पुवांया के गांव बख्तावरपुर में दीपांजलि के साथ हुई थी। दोनों में आपसी कहां सुनी होते होते बात हाथापाई में बदल गई थी जिसको लेकर शनिवार को पत्नी ने अपने मायके फोन कर पिता जितेंद्र मां मीरा और भाई कमलेश को घर बुला लिया सभी ने एक राय होकर पवनेश की लात घुसो से पिटाई करते हुए कैंची से गर्दन पर जानलेवा प्रहार करने से बेहोश हो गया पिता ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया है। वहीं घटना को अंजाम देकर आरोपी भाग निकले है। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया मामला पति पत्नी के विवाद का था जिसके बीच कहा सुनी में धारदार हथियार गर्दन पर लग गया है इसका इलाज कराया जा रहा है आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## खेत विवाद में घर में घुसकर दंपती पर हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के लाल्हापुर गांव में खेत विवाद को लेकर दबंगों द्वारा घर में घुसकर दंपती पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता रिंकी देवी के अनुसार घटना 14 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे की है। आरोप है कि गांव के राहुल व अमित पुत्रगण अवधेश तथा सर्वेश पुत्र छोटेलाल समेत अन्य लोग एक राय होकर उनके घर में घुस आए और लाठी-डंडों व लात-घूसों से हमला कर दिया। हमले में उनके पति अशोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि लाठी से प्रहार किए जाने पर उनका सिर फट गया। पति को बचाने दौड़ी रिंकी देवी को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे उनके हाथ और शरीर में अंदरूनी चोटें आईं। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अपहरण कर मजदूर की हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। जिले के रामराज थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति के एक मजदूर की कथित तौर पर अगवा कर गला घोंटकर हत्या कर दी गयी और शव नहर में फेंक दिया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है तथा एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृत मजदूर की पहचान रामराज थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी सुरेश (45) के रूप में हुई। सुरेश की गला घोंटकर हत्या कर दी गई और बाद में उसका शव गंगा नहर में फेंक दिया गया। रामराज थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रविंद्र यादव ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने विकल, कार्तिक भाटी और आदेश गोस्वामी सहित तीन लोगों के खिलाफ हत्या और अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विकल को गिरफ्तार कर लिया गया और नहर से सुरेश का शव बरामद किया गया। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक सुरेश 16 अप्रैल को ईंट भट्ठे में काम करने गया था और घर नहीं लौटा। कुछ कहासुनी के बाद तीन लोगों ने उसे कार में अगवा कर लिया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और बाद में उसका शव गंगा नहर में फेंक दिया गया। एसएचओ ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिकायतों का निस्तारण समय से करें



- संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अप्रैल महीने के तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस रावटसगंज में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले भूमि से संबंधित प्राप्त हुए, भूमि से संबंधित मामले को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों का निस्तारण भी कराया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये।

उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने रावटसगंज 79 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 09 मामलें निस्तारित किये गये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमेन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा, डीसी मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

दुद्धी में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की 31 शिकायतों को सुना गया 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेज गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया घोरावल का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी तहसीलदार आदि ने 60 शिकायतों को सुनते हुए प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम 48 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया 46 मामले हेतु सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस प्रकार से चारों तहसीलों के संपूर्ण समाधान दिवस में 218 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 12 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया।

## युवक ने किया किशोरी से दुष्कर्म प्राथमिकी दर्ज

हाथरस। जिले के मुरसान कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक गांव का ही है और बृहस्पतिवार की शाम उसने घटना को अंजाम दिया। 16 वर्षीय पीड़िता के पिता ने शिकायत में आरोप लगाया कि उनकी बेटी खेत गई थी और तभी वहां पहुंचे गांव के ही 20 साल के युवक ने उसकी बेटी को खेत में पकड़ लिया और उससे दुष्कर्म किया। शिकायत के अनुसार आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। लड़की ने घर पहुंच कर अपने परिजनों को अपने साथ हुई वारदात की जानकारी दी। परिजन मुरसान कोतवाली पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मुरसान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप गिरी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## थ्रेसर में फंसकर मजदूर की मौत

करमा,सोनभद्र। स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम सरौली में बीती रात गेहूं की मड़ाई करते समय थ्रेसर में अचानक मजदूर फंस जाने के कारण दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस जिला अस्पताल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम सिंह ग्राम पिपरा कुछ मजदूरों को अपने पास रखकर अपने थ्रेसर ट्रैक्टर से गेहूं की मड़ाई करवा रहे थे हर दिन की भांति सरौली गांव में पहुंचकर शुक्रवार की रात गेहूं की मड़ाई करवा रहे थे अचानक मड़ाई करते समय राम लल्ला पुत्र रामविचार उम्र लगभग 32 वर्ष रासपहरी थाना म्योरपुर गेहूं के बोझा के साथ थ्रेसर में फस कर चला गया। जिससे दर्दनाक मौत हो गई। कार्य में लगे अन्य मजदूरों के द्वारा शोर करने पर थ्रेसर बंद हुआ तब तक बहुत देर हो चुकी थी शोर मचाने पर गांव के लोग एकत्रित हो गए किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। करमा प्रभारी निरीक्षक सूर्यभान अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे सेल फोन पर थाना प्रभारी सूर्यभान ने बताया कि रामलल्ला पुत्र रामविचार 32वर्ष लगभग ग्राम रासपहरी थाना म्योपुर अपने साथियों के साथ मजदूरी करने किसान पीपरा निवासी राम सिंह के यहां आया था गेहूं की थ्रेसर रिंग करते समय अचानक थ्रेसर में फस जाने के कारण मौत हो गई है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस सोनभद्र भेजा गया है तथा उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## आग से सैकड़ों पौधे झुलसे

म्योरपुर/सोनभद्र। स्थानीय वन रेंज के गोविंदपुर स्थित आम बगीचा के पास के जंगल में शनिवार की दोपहर ढाई बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे सैकड़ों छोटे पौधे झुलस गए और कुछ जल गए तेज हवाओं के बीच आग बिकराल रूप



ले लिया।मौके पर पहुंचे क्रिकेट एकेडमी के छात्रों और आश्रम कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से बड़ी मशक्कत के बाद लगभग ढाई घंटे बाद आग पर काबू पाया। विमल सिंह, सुरेश, प्रेम दयाल उर्फ रामू, मनीष,प्रमोद शर्मा,जमुना यादव,जबर शाह,कुसुम, आदि दर्जनों लोग आग बुझाने के लिए आगे आए और आग बुझा लिया। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश ने कहा कि सामूहिक शक्ति में बहुत दम है।उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि जंगल में आग लगे तो आस पास के ग्रामीणों को आग बुझाने के लिए आगे आना होगा।तभी जंगल बचेगा।कहा कि केवल वन विभाग के भरोसे जंगल की आग नहीं बुझाई जा सकती जंगल से लाभ हम सब लेते है तो हमारी नैतिक जिम्मेवारी है कि हम प्रकृति सरंक्षण के लिए आगे आए।

# दुद्धी को जिला बनाये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन




जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी को जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे कचहरी परिसर मे अधिवक्ताओ ने जमकर प्रदर्शन किया।दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय, सिविल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामलोचन तिवारी ने संयुक्त रूप ने कहा कि जनपद सोनभद्र दुद्धी क्षेत्र से अत्यधिक दूरी पर स्थित है।

यह पूरा क्षेत्र नक्सल प्रभावित, औद्योगिक बहुल्य, आदिवासी बहुल्य है। इसको विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तत्काल दुद्धी को नया जिला घोषित कर देना चाहिए।जिला बनाओ संघर्ष समिति ने अफसोस जताते हुए कहा कि दुद्धी जिला की मांग लम्बे समय से चल रही हैं और लगातार दुद्धी को जिला बनाने की मांग के परिपेक्ष्य में आंदोलन व धरना प्रदर्शन के माध्यम से पुरजोर ढंग से उठाई जा रही है। शासन और प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर नजर नहीं आ रही है।जो चिंतनीय हैं।उन्होंने कहा कि शासन -प्रशासन दुद्धी को आदिवासी जिला बना देना चाहिए ताकि यहां कि आदिवासी सभ्यता संस्कृति को बचाया जा सके। इस मौके पर प्रभु सिंह कुशवाहा, रामपाल जौहरी, प्रेमचंद यादव,रामजी पाण्डेय, शिव शंकर प्रसाद,आनंद कुमार, सचिव दिनेश कुमार,आशीष कुमार गुप्ता, शशि गुप्ता, अभिनाथ यादव, आदर्श कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रमों का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। ब्लॉक क्षेत्र में आंगनबाड़ी विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में गर्भवती महिलाओं एवं नवजात बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर जागरूकता भी दी गई।



जानकारी के अनुसार, लालापुरवा में एक गोद भराई तथा एक अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं ब्लॉक कार्यालय धौरहरा में कुल पांच गोद भराई और दो अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न कराए गए। इन कार्यक्रमों में सीडीपीओ श्री राजेंद्र कुमार वर्मा की देखरेख में सुपरवाइजर मंजू शुक्ला, तनू वर्मा, खुशनुमा, ममता मिश्रा, कृष्णा रानी और रचना जायसवाल सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रमों में लाभार्थियों के परिजन भी उपस्थित रहे।

इस दौरान महिलाओं को पोषण, टीकाकरण और सुरक्षित मातृत्व के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है।

## मेरठ में आधी रात सड़क पर दिखा मगरमच्छ,गंगा नदी में छोड़ा गया

मेरठ। मेरठ जिले के चामरौद गांव में शुक्रवार देर रात एक मगरमच्छ के सड़क पर दिखायी देने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित पकड़कर गंगा नदी में छोड़ दिया गया। वन विभाग, हस्तिनापुर की क्षेत्राधिकारी खुशबू उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे सूचना मिली थी कि गांव में मगरमच्छ देखा गया है। टीम के मौके पर पहुंचने पर मगरमच्छ झाड़ियों में छिप गया था, जिससे बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण हो गया। इसके बाद झाड़ियों की कटाई कर मगरमच्छ की घेराबंदी की गई और उसे नियंत्रित करते हुए सुरक्षित स्थान की ओर लाया गया। उन्होंने बताया कि मगरमच्छ वयस्क और आक्रामक अवस्था में था। ऐसे में वन विभाग के दल को अत्यंत सावधानीपूर्वक बचाव अभियान चलाना पड़ा। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया गया। क्षेत्राधिकारी के अनुसार, पकड़ा गया मगरमच्छ मगर प्रजाति का है, जिसका वैज्ञानिक नाम क्रोकोडायल्स पैलस्ट्रिस है। इसकी लंबाई लगभग 2.25 मीटर और वजन करीब 150 किलोग्राम है तथा यह पूर्ण वयस्क था। बचाव अभियान के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से गंगा नदी में छोड़ दिया गया।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, दो नाबालिग मजदूर झुलसे

मुजफ्फरनगर। जिले के रतनपुरी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर माफी गांव में अवैध पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से दो नाबालिग मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी यतेंद्र सिंह नागर ने बताया कि शुक्रवार को हुई इस घटना में घायलों की पहचान कासिम (15) और हजेफा (16) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। फैक्ट्री में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। हादसे के बाद फैक्ट्री मालिक मौके से फरार हो गया। सीओ ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नारी शक्ति से संबंधित दीवार हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन



पलियाकलां खीरी। श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज राजकीय महाविद्यालय पलिया कलां खीरी में 'नारी शक्ति वन्दन अधिनियम, 2023' के प्रचार अभियान के अन्तर्गत प्राचार्य की अध्यक्षता में नारी शक्ति से सम्बन्धित दीवार हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें। यह जानकारी महाविद्यालय के पास प्राचार्य डॉ सूर्य प्रकाश शुक्ला ने दी।

# तेज आवाज वाली बाइकों पर कसेगा शिकंजा

सीतापुर। सड़कों पर तेज आवाज और खतरनाक तरीके से दौड़ रही पटाखा बाइकों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि विशेष अभियान के तहत अब तक 11 मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बाइकों का चालान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि विभाग की टीमें लगातार सड़कों पर वाहनों की जांच कर रही हैं। इसके साथ ही शोरूम और मैकेनिक की दुकानों पर भी छापेमारी कर मानकों की पड़ताल की जा रही है।



अभियान के दौरान यह स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी भी बाइक में साइलेंसर बदला हुआ पाया गया, तो वाहन मालिक के साथ-साथ साइलेंसर लगाने वाले मैकेनिक और संबंधित शोरूम के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई की जाएगी। मोटर वाहन अधिनियम के तहत मॉडिफाइड साइलेंसर लगाना गैरकानूनी है, जिसके लिए 10 हजार रुपये तक का चालान किया जाता है। केंद्रीय मोटर वाहन नियमों के अनुसार किसी भी बाइक का साइलेंसर 80 डेसिबल से अधिक शोर नहीं करना चाहिए। इससे अधिक आवाज करने वाले साइलेंसर पूरी तरह अवैध माने जाते हैं। अधिकारियों ने कहा कि साइलेंसर में किसी भी प्रकार का संशोधन कानूनन अपराध है। लोगों से अपील की गई है कि ऐसी बाइकों की सूचना विभाग को दें, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

## 20 हजार रुपये के लेन-देन में चाकू मारकर हत्या, बहन गिरफ्तार

अलीगढ़। जिले में 20 हजार रुपये के कर्ज को लेकर विवाद के बाद एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, अफसर (30) ने अपनी बहन को 20 हजार रुपये उधार दिए थे और उन्हें वापस मांगने पर यह घटना हुई। सिविल लाइंस क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह ने बताया कि मृतक की बहन शहनाज समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है, जिनमें मृतक का जीजा इमरान भी शामिल है। वह फरार है और मुख्य हमलावरों में से एक माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक दो बच्चों का पिता अफसर एएमयू परिसर के पास कैंटीन चलाता था और देर रात कैंटीन से लौट रहा था, तभी हमलावरों ने उसे घेरकर कई बार चाकू से वार किया। पुलिस ने बताया कि परिजन और कुछ पुलिसकर्मी उसे जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, अफसर ने कुछ सप्ताह पहले बहन और जीजा को 20 हजार रुपये उधार दिए थे और हाल ही में रकम वापस मांगने पर दोनों नाराज हो गए थे। पुलिस ने बताया कि परिवार के कुछ सदस्यों ने एक दिन पहले समझौता भी कराया था, लेकिन देर रात विवाद अचानक हिंसक हो गया, जिसके बाद यह वारदात हुई। सीओ ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## वाहन की टक्कर से मादा तेंदुए की मौत

पीलीभीत। पीलीभीत में अज्ञात वाहन के टक्कर मारने के कारण तेंदुए एक की मौत हो गई। वन्य जीव चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार ने को बताया कि घटना शुक्रवार देर रात ट्रांस शारदा क्षेत्र में नेहरू नगर से भुरजनिया जाने वाले मार्ग पर हुई। उन्होंने कहा कि घटनास्थल संपूर्णानगर वन रेंज में आता है, इसलिए खीरी जनपद के वन प्रभाग में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। लखीमपुर खीरी जनपद के संपूर्णानगर के रेंजर ललित कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद मृत तेंदुए को कब्जे में ले लिया। कुमार ने मीडिया को बताया मृत मादा तेंदुए की उम्र लगभग चार-पांच वर्ष है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हुआ है कि किसी वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जिला संवाददाता

सोनभद्र। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आयोजित यात्रा के तहत जनपद सोनभद्र से प्रतिभाग करने जा रहे यात्रियों की बस को आज जिलाधिकारी श्री बी.एन. सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि जनपद की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का भी एक सशक्त माध्यम है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद से कुल 10 प्रतिभागी इस सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। यह यात्रा 19 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेगी, जहां आयोजित कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इसके पश्चात यह दल सोमनाथ, गुजरात के लिए प्रस्थान करेगा और 21 अप्रैल को वहां पहुंचेगा। सोमनाथ में 22 एवं 23 अप्रैल को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रमों में जनपद के प्रतिभागी सक्रिय रूप से भाग लेंगे।यात्रियों को जनपद सोनभद्र के पर्यटन स्थलों पर आधारित पुस्तिकाएं भी भेंट कीं। उन्होंने निर्देशित किया कि इन पुस्तिकाओं का वितरण सोमनाथ में किया जाए तथा वहां के लोगों को सोनभद्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी दी जाए, जिससे अधिक से अधिक पर्यटक जनपद की ओर आकर्षित हो सकें। इस मौके पर पीडी डीआरडीए एस.के. राय, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, एडीएम (वित्त/राजस्व) तथा डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यदोष मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गांजा बरामद, आरोपी को दबोचा

सीतापुर। अपराध नियंत्रण के तहत चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान में खैराबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 किलोग्राम अवैध गांजा और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार के पर्यवेक्षण में खैराबाद थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास चेकिंग के दौरान इस्लामुद्दीन उर्फ कालिया उर्फ इस्लाम निवासी इस्माइलपुर, थाना हरगांव को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1 किलो गांजा बरामद हुआ। बरामद मोटरसाइकिल पर धारा 207 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस संबंध में थाना खैराबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी का चालान न्यायालय भेज दिया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रजनीश कुमार वर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# 266 शिकायतें प्राप्त, 36 का मौके पर निस्तारण

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सिधौली में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 09 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों में भी अधिकारियों द्वारा शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। तहसील महमूदाबाद में 26 में से 07, तहसील सदर में 43 में से 06, तहसील लहरपुर में 26 में से 03, तहसील बिसवां में 29 में से 05, तहसील महोली में 30 में से 02 तथा तहसील मिश्रिख में 36 में से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्देश दिए गए कि उनका निस्तारण एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

## तीन ट्रेलर भिड़े, दो की मौत, एक गंभीर

वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के हरिबल्लमपुर गांव के पास रिंग रोड पर शनिवार को तीन ट्रक ट्रेलरों के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में दो चालकों की मौत हो गई, जबकि एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि संदहा की ओर जा रहा एक ट्रेलर अचानक तकनीकी खराबी के कारण रिंग रोड पर रुक गया। पीछे से आ रहे अन्य दो ट्रेलर उसमें टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों ट्रेलर अनियंत्रित हो गए और तीनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो चालकों की मौत हो गई, जबकि एक चालक की हालत नाजुक बनी हुई है।

## ट्रक की टक्कर से कार सवार तीन लोगों की मौत

पीलीभीत। बरेली-पीलीभीत हाईवे पर शुक्रवार देर रात ट्रक और ईको कार की आमने-सामने हुई भिड़ंत में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार ईको कार बरेली से पीलीभीत की ओर आ रही थी। वाहन में कुल 12 यात्री सवार थे, जिनमें से दो लोग नवाबगंज में उतर गए थे। शेष 10 यात्री पीलीभीत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जहानाबाद क्षेत्र में सामने से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ईको में फंसे घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में एक की पहचान सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाग गुलशेर खां निवासी रजत (23) पुत्र राजेंद्र प्रसाद के रूप में हुई।

संक्षेप

## थ्रेसर में फंसी साफी किसान की मौत

**बांदा।** सतन्याव गांव में थ्रेसर से गेहूं कतराई करते समय युवक का गमछा थ्रेसर में फंस गया। इससे युवक की फांसी लगने से मौत हो गई। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सतन्याव गांव निवासी 30 वर्षीय विवेक यादव पुत्र बाबूराम खेतों में थ्रेसर से गेहूं कतराई रहा था। थ्रेसर की जाली को देखने लगा तभी गले में पड़ा गमछा थ्रेसर के पटा में फंस गया। इससे युवक विवेक के गले में फांसी लग गई, जैसे ही अन्य लोगों ने देखा तो ट्रैक्टर से चल रहे थ्रेसर को बंद किया, और विवेक के गले में लगी फांसी को छुटाया तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। फिर भी परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जन शिक्षण संस्थान के अधिकारी और कर्मचारी पुरस्कृत

**बांदा।** जन शिक्षण संस्थान में बोर्ड आफ मैनेजमेन्ट की पूर्व अध्यक्षा कुमुद वर्मा, मातृ संस्था की अध्यक्षा अप्सा सिन्हा नें संस्थान के सभी स्टाफ का वार्षिक कार्य-निष्पादन समीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। उनके उत्कृष्ट कार्यों को सराहा। सम्मान स्वरूप, सभी कर्मचारियों को संस्थापक अध्यक्ष की स्मृति में प्रदीप श्रीवास्तव स्मरणार्थ पुरस्कार, प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया। निदेशक मो0 सलीम अख्तर को प्रेरणा स्त्रोत पुरस्कार, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी सौम्य खरे को सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी पुरस्कार, कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय को लक्ष्यवेधी पुरस्कार, लेखाकार लक्ष्मीकान्त दीक्षित को आत्मनिर्भरह्य पुरस्कार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी मयंक सिंह को अनुभव रत्न पुरस्कार, क्षेत्र सहायिका शिवांगी द्विवेदी को सहयोगी स्टार पुरस्कार, ड्राईवर नीरज कुमार को विश्वास पात्र पुरस्कार, परिचर मनोज कुमार को कर्म ही धर्म पुरस्कार दिया गया।

## यूरोलॉजिस्ट के डाक्टर ने पत्रकार को दिया जीवनदान

**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सोमेश त्रिपाठी नेएक टीवी चैनल के पत्रकार नरेंद्र सिंह थापा का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नई जिंदगी दी है। इंफेक्शन और प्रोस्टेट बढ़ने की गंभीर स्थिति से जूझ रहे पत्रकार अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। नरेंद्र सिंह थापा लंबे समय से प्रोस्टेट की समस्या से ग्रसित थे। स्थिति इतनी विकट हो गई थी कि उनका यूरिन पास होना पूरी तरह बंद हो गया था।

## तेज रफ्तार टैक्सी ने राहगीरों को रौंदा

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मिर्चवारा पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार टैक्सी चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़ी लोडिंग टैक्सी और वहां मौजूद लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में लोडिंग टैक्सी पलट गई और वहां खड़े कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। तालाबपुरा निवासी अभिषेक कुमार जैन, जो अरिहंत इण्डेन सर्विस में पार्टनर हैं, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी लोडिंग टैक्सी (संख्या यू.पी.94 टी 7525) 16 मार्च 2026 की शाम गैस गोदाम से खाली सिलेंडर छोड़कर वापस लौट रही थी। शाम करीब 07.30 बजे जैसे ही टैक्सी मिर्चवारा पेट्रोल पंप के पास पहुँची, चालक अजब सिंह ने कुछ लोगों को सड़क किनारे वाहन के इंतजार में खड़े देखकर अपनी गाड़ी साइड में खड़ी कर दी। इसी दौरान महरौनी की ओर से आ रहे टीवीएस टैक्सी चालक मनोज कुमार ने अपनी बिना नंबर वाली टैक्सी को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए खड़ी गाड़ी और लोगों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोडिंग टैक्सी मौके पर ही पलट गई। टैक्सी के पास खड़े राहगीरों को भी गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित का आरोप है कि यह पूरी घटना टैक्सी चालक मनोज कुमार की लापरवाही के कारण हुई। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित अभिषेक कुमार जैन की शिकायत पर आरोपी चालक महरौनी के ग्राम मिदरवाहा निवासी मनोज कुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(बी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में कमिश्नर झांसी मंडल ने सुनीं समस्याएं



**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त झांसी मण्डल बिमल कुमार दुबे एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने तहसील

**● 25 का मौके पर निस्तारण, समयसीमा में निस्तारण के निर्देश**

तालबेहट पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक स्तर पर प्राप्त जनशिकायतों का समयसीमा के भीतर गंभीरता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता को इसकी सूचना भी दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी फरियादी को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए अधिकारी जिम्मेदारी से कार्य करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर निस्तारण कराया। साथ ही शेष शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान तहसील तालबेहट में कुल 93 शिकायतें प्राप्त, जिनमें से 17 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील ललितपुर में कुल 18 शिकायतें प्राप्त, जिनमें से 3 का निस्तारण किया गया। तहसील महरौनी में कुल 15 शिकायतें प्राप्त, जिनमें से 2 का निस्तारण किया गया। तहसील पाली में कुल 22 शिकायतें प्राप्त, जिनमें से 1 का निस्तारण किया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 16 शिकायतें प्राप्त, जिनमें से 2 का निस्तारण किया गया। इस प्रकार जनपद में कुल 164 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 25 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, सीडीओ शेषनाथ चोहान, डीएफओ नवीन शाक्य, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, उप जिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण के लिए तहसील/थाना समाधान दिवस, आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन एवं सीएम डैशबोर्ड की नियमित समीक्षा कर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

## शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में निस्तारण करें: डीएम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निदेशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है, तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

जिलाधिकारी जसजीत कौर शनिवार को तहसील (सदर) में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। तहसील दिवस के मौके पर कुल 32 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उप जिलाधिकारी (सदर) रितु रानी, सीओ (सिटी) संग्राम सिंह, तहसीलदार सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने 97 शिकायतों में सात का किया निस्तारण

**बांदा।** जिलाधिकारी जे0रीभा की अध्यक्षता में तहसील अतर्रा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत, राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति विभाग एवं अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई, कुल 97 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर सात शिकायतों का निस्तारण किया गया।शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम पंचायत बरछा ब के ग्रामीणों ने साफ-सफाई कराये जाने के प्रार्थना पत्र पर बीडीओ नरैनी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम तेरा निवासी ने कटिया मशीन व अवैध कब्जा उसकी भूमि से हटाये जाने का प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम अतर्रा को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम तेरा निवासी राममहेश त्रिपाठी ने जमीन की नाप कराये जाने के सबन्ध में प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी अतर्रा को नाप कराये जाने के निर्देश दिये। एक फरियादी ने परिवार रजिस्टर की नकल प्राप्त करने को आवेदन दिया, जिस पर बीडीओ नरैनी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम बरेहंडा निवासी रामप्रताप ने भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने का आवेदन दिया, जिस पर लेखपाल को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। गेंहू खरीद केंद्र संचालित किये जाने के सम्बन्ध में किसान यूनियन के द्वारा आवेदन दिया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने उप खाद्य विपणन अधिकारी को गेंहू खरीद केंद्र संचालित कराने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील अतर्रा में पुलिस अधीक्षक श्री पलाश बंसल ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को सुनते हुए निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी अतर्रा राहुल द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी तरह सदर तहसील में एसडीएम नमन मेहता व तहसीलदार की अध्यक्षता में दिवस का आयोजन हुआ।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, 10 तीर्थयात्री सोमनाथ यात्रा के लिए रवाना

ललितपुर। सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने एवं सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के एक हजार वर्ष के उपलक्ष्य में जिले के विभिन्न शिवालयों में धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इस दौरान भजन संध्या, रूद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन एवं दीपोत्सव जैसे आयोजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। शिवालय बड़ा रघुनाथजी मंदिर परिसर चैबयाना, शिव मंदिर सिंचाई विभाग कॉलोनी महरौनी तथा पंचमुखी शिव मंदिर देवगढ़ में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत जिले के 10 तीर्थयात्रियों को सोमनाथ मंदिर की यात्रा के लिए बस द्वारा रवाना किया गया। यात्रा के लिए उपजिलाधिकारी (न्यायिक) तालबेहट मदन मोहन गुप्ता को नोडल अधिकारी नामित किया गया। तीर्थयात्रियों को बैज, कैप एवं मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें सोमनाथ यात्रा से संबंधित बुकलेट एवं जनपद के प्रमुख स्थलों का फोल्डर भेंट किया गया। यात्रा का उद्देश्य सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, चन्द्रशेखर, श्रीकांत, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव एवं पर्यटक अधिकारी हेमलता ने रवाना किया और सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल, अजय तोमर, राजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। शिवालय बड़ा रघुनाथजी मंदिर परिसर चैबयाना में आयोजित कार्यक्रम में पं.राजू महाराज, राम महाराज, राघव महाराज, ऊषा सेन, सावित्री देवी, कपिल नामदेव, अंजली, राधा देवी, गब्बर राघव नामदेव सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं पंचमुखी शिव मंदिर देवगढ़ में रूद्राभिषेक एवं भजन-कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य पं. रवि तिवारी, शुभम कौशिक, धर्मेन्द्र चैबे, डा.प्रबल सक्सेना, संजय सेन, अमित तिवारी, बाबू सिंह राठौर, गुरूदत्त रावत, विनय ताम्रकार, अवधेश कुशवाहा, अनिल झा, विश्वजीत, पंचम यादव, महेंद्र कुमार, अभिषेक, राघवेंद्र, बलभद्र, करण सिंह, सुरेंद्र तिवारी, जगदीश पटैरिया, मंगल सिंह, हरी सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## दूषित पेयजल आपूर्ति एक ही परिवार के चार बीमार



**बांदा।** भीषण गर्मी में कमासिन कस्बावासियों को पीने के पानी की समस्या विकराल होती जा रही है। जल संस्थान की रोजाना जलापूर्ति के लिए 50 वर्ष पूर्व पड़ी पुरानी पाइपलाइन जगह-जगह से खराब हो गई है। वैकल्पिक व्यवस्था कर जल निगम ने एल-टी पाइप लाइन से कस्बा कमासिन में यमुना नदी का दूषित गंदा बदबूदार हरे रंग के पानी की आपूर्ति कर

**● जल जीवन मिशन की हर घर नल से जल योजना का बुरा हाल**

जनजीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। दूषित पानी पीने से एक ही परिवार के चार-पांच लोगों के बीमार हो जाने से संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच की मांग करते हुए जनहित में पीने का स्वच्छ पानी आपूर्ति कराई जाने की मांग की है। दूषित पानी पीने से पीड़ित अरविंद सोनी, रामादेवी, जय देवी, सुनीता सहित कई लोगों ने बताया कि जल संस्थान कमासिन पानी की टंकी से बदबूदार हरे रंग का मटमैला पानी पीने से पांच लोग बीमार हो गए। इलाज करा कर परेशान है।

डाक्टर ने बीमारी का कारण दूषित पानी पीना बताया। इस पानी को पीने से शरीर में खुजली होती है शरीर में खुजली होती है। जी मिचलाता है, साथ में उल्टियां भी होती है। पंप ऑपरेटर शुभम से गंदे पानी की जब बात कही गई तो उसने कहा मेरा काम पानी छोड़ने का है। इसकी शिकायत अवर अभियंता जल संस्थान से भी गयी। जब दूषित पानी आपूर्ति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मौके पर जल संस्थान के कर्मचारी राकेश शुक्ला को दोषी ठहराया। इस बारे में जल संस्थान कर्मी को दूषित पानी की बोतल दिखाई गई तो बताया कि जल संस्थान की पाइपलाइन नलकूप से लेकर पानी टंकी तक खराब हो गई है।

नई पाइप लाइन पड़ जाए तो जल संस्थान के राजकीय नलकूप से स्वच्छ पानी जनता को मिल सकेगा। दूषित पानी आपूर्ति पर जल निगम के अवर अभियंता निशांत वर्मा ने बताया कि जल संस्थान की वर्षों पुरानी पड़ी पाइप लाइन खराब होने के कारण नंदन डेरा में बनी एलएनटी की टंकी में किटाहाई प्लांट से अपनी पुरानी पाइपलाइन से जोड़कर आपूर्ति की जा रही है। नागरिकों के अनुसार यमुना नदी के किनारे एलएनटी कंपनी जल जीवन मिशन नमामि गंगे योजना की कठार से पड़ी पाइपलाइन के द्वारा कमासिन कस्बा के नागरिकों को दूषित पानी की सप्लाई की जा रही है। जो पीने योग्य नहीं है।

कस्बा में पुरानी पाइप लाइन जगह-जगह लीकेज है। जिसे लगातार हजारों लीटर पानी प्रतिदिन बहने से सड़कें खराब हो रही हैं। कस्बा वासियों ने जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद के जल संस्थान कमासिन पानी टंकी से राजकीय नलकूप तक नयी पाइपलाइन डलवा कर पीने का स्वच्छ पानी सप्लाई किए जाने की मांग की है।

## डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन, उठायी प्रमुख समस्याएं



**बांदा।** जिलाध्यक्ष कान्यकुब्ज भुर्जी वैश्य समिति डा. रामराज गुप्ता आनंद भोजवाल ने बीते दिवस उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार भेंट कर जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा कर समस्याएं दूर करने को ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता जिलाध्यक्ष कान्यकुब्ज भुर्जी वैश्य समिति डा. रामराज गुप्ता आनंद भोजवाल ने लखनऊ पहुंचकर उप मुख्यमंत्री से भेंट की। उन्हें जिले के पंचमढ़ी हनुमान मंदिर, बुद्धराम कुआं की भूमि से जुड़े प्रकरण से अवगत कराया। उसकी पवित्रता, संरक्षण, सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में व्याप्त अव्यवस्थाओं, चिकित्सकीय लापरवाही, आमजन को हो रही कठिनाइयों को प्रमुखता से उठाते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग की। व्यापारी वर्ग की समस्याओं जैसे प्रशासनिक जटिलताएं, अनावश्यक दबाव एवं व्यापारिक गतिविधियों में आ रही बाधाएं दूर करने की बात कही। उक्त सभी विषयों पर उपमुख्यमंत्री ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया।

## वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र सम्मानित

**फतेहपुर।** ब्लॉक ऐरायां के कम्पोजिट परिषदीय विद्यालय बरकतपुर प्रांगण आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम ने ग्रामीण शिक्षा के उत्थान का संदेश दिया। खंडशिक्षाधिकारी ऐरायां रत्नामणि मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मां सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।स्कूल चलो अभियान को मिला बलखंडशिक्षाधिकारी रत्नामणि मिश्रा ने 'स्कूल चलो अभियान' के तहत अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की। उन्होंने कहा, ₹पाल्यों की शिक्षा ही उनका भविष्य है। अभिभावक अपने बच्चों को नियमित विद्यालय पहुंचाएं, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।₹ खागा विधायक कृष्णा पासवान ने उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओंऑपरेशन कायाकल्प, स्कूल चलो अभियान, श्रमिक एवं निराश्रित बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय योजना, स्मार्ट क्लास तथा एलईडी लैब–पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से नामांकन बढ़ाने की अपील की। उन्होंने विद्यालय की छत, बाउंड्री वॉल, इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं अन्य भौतिक सुधारों के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए। साथ ही, ग्राम सभा बरकतपुर के आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।खागा नगर पालिका चेयरमैन गीता सिंह ने शिक्षकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा गत सत्र की कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को आकर्षक उपहार प्रदान किए।

# गोकशी के चार शातिर अपराधी दबोचे, तीन फरार

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चार आरोपियों को पकड़कर गोकशी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस मुठभेड़ में घायल एक आरोपी को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।जानकारी के अनुसार थाना चांदपुर क्षेत्र के मोहल्ला चिम्मन निवासी बजरंग दल के नगर संयोजक सुशील कुमार ने बीती 14 अप्रैल को गांव सब्दलपुर तेली के पास गोवंश के अवशेष मिलने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना का खुलासा करने के लिए कई टीमें लगाई थी। पुलिस को मुखबिर द्वारा 17 अप्रैल की रात्रि गोकशी का सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने गांव बेरखेड़ा की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की। मुठभेड़ में पुलिस ने गांव रसूलपुर नगंला निवासी वसीम, चांदपुर निवासी फईम, गांव सब्दलपुर तेली निवासी तहसीन उर्फ कलवा, चांदपुर निवासी फरीद को पकड़ लिया है, जबकि इनके तीन साथी नईम, अजीम व तहसीन पुत्र मतलूब मौके का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए जिनकी तलाश जारी है। मुठभेड़ के दौरान जवाबी में कार्रवाही में अपराधी वसीम के पैर में गोली लग गई जिसे सीएचसी स्याऊ भेजा गया है। पुलिस ने आरेपियों के पास से एक तमंचा 315 बोर मय दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक तमंचा 12 बोर मय दो जिंदा कारतूस व पशु काटने के उपकरण, गोवंशीय पशु का सिर, बाइक, स्कूटी एंव दो हजार रुपए से अधिक की नकदी आदि बरामद की हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि 14 अप्रैल की रात की घटना उनके द्वारा ही घटित की गई थी। पुलिस के अनुसार पकडे गए आरोपी शातिर किस्म के पेशेवर अपराधी है जिनके खिलाफ थाना चांदपुर में भारी संख्या में गंभीर मुकदमें दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, उ0नि0 सुनील कुमार प्रभारी स्वाट मय स्वाट टीम, उ0नि0 सुभाष चैधरी, का0 सागर, अमित कुमार, नरेश पुनिया, अंकित कुमार, रणजीत मलिक, मौहम्मद सिराज, अंकित कुमार शामिल रहे।

## बीएसए का आदेश डाल रहा भ्रष्टाचार पर पर्दा

**बांदा।** बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी के अपने ही निदेर्शों व शासनादेशों का पालन नहीं करा पा रहे हैं। उनके रवैये से अभिभावकों में रोष है। उन्होंने जिलाधिकारी से कार्यवाही की मांग की है। जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी उमेश यादव व प्रमोद राजा ने बीएसए के कार्यों की जांच की मांग की है। कहा कि बीएसए जिले में निमार्णाधीन परिषदीय विद्यालयों में

**● स्कूल निर्माण में मानको की अनदेखी, एमडीएम में फर्जी हाजिरी का खेल**

सांठगांठ कर गुणवत्ता से समझौता कर चिन्हित शिक्षकों व चहेतों को कमीशन लेकर यह कार्य करवा रहे हैं। एमडीएम में भारी धांधली की जा रही है। जिले भर में ऐसी प्रचंड गर्मी में 80 प्रतिशत हाजिरी दिखाई जा रही है। मौके पर एक सैकड़ा नामांकित वाले विद्यालयों में बमुश्किल 20-30 बच्चे ही मिल रहे है। खंड शिक्षाधिकारी बड़ोखरखुर्द जो बिसंडा ब्लाक का दायित्व भी कई माह से संभाले हैं। शिक्षक पदाधिकारियों का आरोप है कि यह अपना निवास कर्वी में बनाकर वहां से कुछ दलाल किस्म के शिक्षकों के कहने पर आनलाइन निरीक्षण कर प्रतिदिन आठ से दस विद्यालय के शिक्षकों शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को पहले गैर हाजिर करते हैं फिर मनमाफिक सुविधा शुल्क मिल जाने पर उनका वेतन जारी कर देते हैं। न देने वालों का काट दिया जाता है। जिलेभर के अधिकांश स्कूलों में समाचार पत्र व पत्रिका की फर्जी रसीदें लगाकर प्रधानाध्यापक व बीईओ धन का बंदरबांट कर रहे हैं। कनवर्जन कास्ट, एमडीएम की धनराशि में भी खेल हो रहा है। मंडल मुख्यालय के आसपास के स्कूलों का निरीक्षण कर औपचारिकता पूरी की जा रही है। बीएसए के तानाशाही रवैये भरा आदेश कि केवल मान्यता प्राप्त पत्रकार ही स्कूल में प्रवेश कर सकता है से मीडिया जगत में भारी आक्रोष है। इस आदेश नें तो सरकार की नियमावली का ही उलंघन कर दिया है। जो योगी सरकार के लिये भी चैलेंज हैं। पूर्व जिला सूचनाधिकारी के पद पर रहे सेवानिवृत्त रामखिलावन कहते हैं कि सरकार की नियमावली के अनुसार एक वास्तविक पत्रकार वह है जो किसी मीडिया संस्थान से जुड़ा है, सक्रिय है, औ? प्रेस काउंसिल आफ इंडिया के मानकों का पालन करता है। अब प्रश्न यह है की नासमझ बीएसए के अज्ञानी रवैये नें तो सरकार के निर्धारित पत्रकार के मानदंडों को ही चैलेंज कर दिया है।

## आठ माह से खुदी पड़ी सड़क बनी मुसीबत

ललितपुर। नगर के वार्ड नं. 17 स्थित क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे जल निगम की लापरवाही से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि विभाग द्वारा करीब आठ माह पूर्व पाइप लाइन डालने के लिए सड़क व नालियों की खुदाई कर दी गई, लेकिन आज तक न तो पाइप डाले गए और न ही खुदी हुई सड़क की मरम्मत कराई गई। स्थानीय पार्षद कुन्दन पाल ने बताया कि सड़क और नालियों के लंबे समय से खुले पड़े रहने के कारण क्षेत्र में आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है। खासतौर पर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को रोजाना जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। कई स्थानों पर गडढों में पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे स्थानीय निवासियों में आक्रोश व्याप्त है। पार्षद कुन्दन पाल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सदर को प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि जल निगम के अधिकारियों को तत्काल पाइप लाइन डालने और सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश दिए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## पीएमश्री रा.बा.इं कॉ में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित




**महोबा।** पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सरगम खरे ने अपने संबोधन में महिलाओं की सशक्त भूमिका पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए समाज में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भाषणों और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नारी शक्ति के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता का विकास करना रहा। समापन समारोह में उपस्थित सभी ने छात्राओं के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष पं.वीरेन्द्र शर्मा

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में प्रेस क्लब (रजि.) के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ

**● अन्नपूर्णा भोजनशाला में गरीब, जरूरतमंदों को कराया भोजन**

पत्रकार पं.वीरेन्द्र शर्मा की 12वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इस अवसर पर प्रेस क्लब संरक्षक मण्डल के सदस्यों के साथ प्रेस क्लब के पदाधिकारियों सहित प्रिंट व इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकारों ने उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुये अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रेस क्लब अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वाह्न किया।

उनके आदर्श आज भी युवा पत्रकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत व प्रासांगिक हैं।

तत्पश्चात जिला अस्पताल में संचालित अन्नपूर्णा भोजनशाला में पहुंचकर पत्रकारों ने गरीब व असहाय लोगों को भोजन वितरण किया।

इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली, संदीप शर्मा एड., रमेश रायकवार, अजित जैन भारती, दिव्यांश शर्मा, पवन संज्ञा, दिनेश संज्ञा, सर्वदेव तिवारी, सुनील शर्मा, अमित लखेरा, कुन्दन पाल, शिवम अग्निहोत्री, आकाश ताम्रकार के अलावा अनेकों पत्रकार मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री रामकेश का स्मार्ट मीटर समस्याओं पर सख्त रुख

बांदा। स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की बढ़ती शिकायतों और विरोध प्रदर्शन को गंभीरता से लेते हुए राज्य मंत्री (जल शक्ति) रामकेश निषाद ने विद्युत विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर से संबंधित विभिन्न समस्याओ जैसे गलत बिलिंग, बिल संशोधन में देरी और तकनीकी दिक्कतों को विस्तार से उठाया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इन कैंपों के माध्यम से उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के उपयोग, लाभ और शिकायत निवारण प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। बैठक में विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता मुनीश चोपड़ा सहित एसी विद्युत, अधिशासी विद्युत, विद्युत जेई कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## जिला प्रशिक्षण वर्ग में उत्तम को नियंत्रक की जिम्मेदारी



**बांदा।** भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग आगामी 16 व 17 मई को शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित होगा। जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना को नियंत्रक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के क्रम में मंडल स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के समापन के बाद अब जिला प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आयोजित जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला प्रशिक्षण वर्ग संचालन समिति गठित कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश स्तर से अविनाश सिंह चैहान एमएलसी को वर्ग प्रभारी, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना को वर्ग का नियंत्रक बनाया गया है। जिला उपाध्यक्ष आनंदी साहू को वर्ग संचालन समिति प्रमुख, जिला उपाध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह को सह नियंत्रक, जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा को कार्यक्रम प्रमुख, जिला कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता संतू को व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा की कार्यवाही शनिवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि 18वीं लोकसभा के इस (सातवें) सत्र में कुल 31 बैठकें हुईं और सदन की कार्यवाही 151 घंटे तथा 42 मिनट तक चली।

उन्होंने कहा कि इस सत्र में कार्य उत्पादकता 93 प्रतिशत रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई अन्य दलों के प्रमुख नेता सदन में मौजूद थे। बजट सत्र की शुरुआत 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किए जाने के साथ हुई। सदन ने पांच फरवरी को 2 घंटे 46 मिनट की चर्चा के बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को प्रधानमंत्री मोदी के जवाब के बिना पारित कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पांच फरवरी को सदन में कहा कि एक दिन पहले कांग्रेस के कई सदस्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सीट के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को



अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उनके अनुरोध पर प्रधानमंत्री सदन में नहीं आए। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में शुरू हुई चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण के हवाले से चीन के साथ टकराव का मुद्दा उठाने का प्रयास किया था, लेकिन अध्यक्ष बिरला ने नियमों का हवाला देते हुए इसकी अनुमति नहीं दी। इस मुद्दे पर सदन में गतिरोध बना रहा। इसी दौरान आसन के समीप कागज उछालने और आसन की गरिमा को ठेस पहुंचाने के मामले में कांग्रेस के आठ और एक माकपा सदस्य को संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। हालांकि बजट सत्र के दूसरे चरण में 17 मार्च को इन विपक्षी सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया। बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनके आग्रह पर सदन में नहीं आकर लोकसभा को अप्रिय दृश्य से बचाया और इसके लिए वह प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री द्वारा दिए जाने की परंपरा है।

बजट सत्र के पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने की इजाजत नहीं देने तथा कांग्रेस की महिला सांसदों पर सदन में अनुचित स्थिति पैदा करने के आरोपों पर विपक्ष ने अध्यक्ष बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस 10 फरवरी को लोकसभा सचिवालय को सौंपा था। बिरला ने नोटिस दिए जाने के बाद फैसला किया था कि वह इस मामले का निपटारा होने तक आसन पर नहीं बैठेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण में 11 मार्च को अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव सदन ने ध्वनिमत से खारिज कर दिया, जिसके बाद बिरला ने 12 मार्च से सदन की कार्यवाही का संचालन किया। एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में वित्त वर्ष 2026-2027 का केंद्रीय बजट पेश किया।

# ओछी राजनीति कर रही है द्रमुक : मोदी

एजेंसी



कोयंबटूर (तमिलनाडु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि महिला आरक्षण संशोधन विधेयक उनकी सरकार का एक नेक प्रयास था, जिसे द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और कांग्रेस ने नफरत एवं ओछी राजनीति का निशाना बनाकर पटरी से उतार दिया।

शुक्रवार को लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने पर तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस को विशेष रूप से निशाना बनाते हुए प्रधानमंत्री ने पूछा, आम महिलाओं को आगे बढ़ते देखकर द्रमुक और कांग्रेस को क्या परेशानी होती है? मोदी ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से विपक्षी दलों से विधेयक का समर्थन करने की अपील की थी और यहां तक कि उन्हें इसका श्रेय देने की पेशकश भी की थी क्योंकि मैं केवल यह चाहता था कि साधारण परिवारों की बहनें अच्छी संख्या में संसद और विधानसभाओं में आएं। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन दुर्भाग्य से, यह नेक प्रयास विफल हो गया। द्रमुक, कांग्रेस और उनके सहयोगियों ने इसे नफरत और ओछी राजनीति का निशाना बना दिया। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर यह विधेयक पारित हो जाता, तो साधारण परिवारों की कई तमिल महिलाएं सांसद और विधायक बन जातीं। मोदी ने कहा कि 2011 की जनगणना के आधार पर, तमिलनाडु को लोकसभा में और भी कई सीट मिलने वाली थीं, लेकिन स्पष्ट रूप से द्रमुक ऐसा नहीं चाहती थी। बहरहाल, द्रमुक की करतूतें अब पूरी तरह से उजागर हो चुकी हैं। काले कपड़े पहनकर द्रमुक अपने गलत इरादों को छिपा नहीं सकती। मोदी ने कहा, मैं द्रमुक को बताना चाहता हूं कि लोग आपकी काली करतूतों से वाकिफ हैं, अब आप अपने काले कारनामों से बच नहीं सकते। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि यह हमारी लड़ाई का अंत नहीं है, बल्कि यह तो बस शुरुआत है। भाजपा-राजग आपके लिए काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कांग्रेस और द्रमुक की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया, आम महिलाओं को आगे बढ़ते देखकर द्रमुक और कांग्रेस को क्यों परेशानी होती है? ये परिवारवादी पार्टियां सत्ता को अपने ही परिवार तक सीमित रखना चाहती हैं।

संक्षेप

## ब्रिटेन में भारतीय महुआ फेनी ने दी दस्तक

लंदन। पारंपरिक जनजातीय पेय महुआ और गोवा की फेनी इस सप्ताह से ब्रिटेन के बाजार में भारतीय विरासत पेयों की नई श्रृंखला के तहत पहली बार पेश किए जा रहे हैं। भारतीय पेयों को ब्रिटेन में पेश करने वाले केंद्रित खुदरा कंपनी महाराजा ड्रिंक्स ने फेनी के तीन प्रकार और एक महुआ पेय बाजार में उतारा है। यह विशेष खुदरा कंपनी जैविक प्रमाणन, टिकाऊउत्पादन पद्धतियों तथा पर्यावरण के अनुकूल निर्माण, पैकेजिंग और परिवहन पर ध्यान देती है। कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनेबल जैमिसन ने कहा, भारत में विरासत पेयों की असाधारण विविधता है, जिनकी जड़ें सदियों पुरानी कारीगरी और परंपराओं में हैं। आज उपभोक्ताओं और पेय परोसने वाले विशेषज्ञों में इन असली स्थानीय स्वादों को जानने की रुचि बढ़ रही है। इसलिए इन्हें पहली बार ब्रिटेन में पेश करने का यह सही समय है।

## यूपी खरीदेगा 6500 रुपये प्रति टन आलू

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में 6,500.90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर 20 लाख टन आलू की खरीद को मंजूरी दी है। इस पर सरकारी खजाने से 203.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह कदम विभिन्न राज्यों में किसानों को मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से बचाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। एक अलग निर्णय में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में चना खरीद की सीमा 94,500 टन से बढ़ाकर 1.13 लाख टन कर दी है। कर्नाटक में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अरहर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है, जिससे किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बेचने के लिए अतिरिक्त समय मिल सके। कर्नाटक में, मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तुअर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है, जिससे किसानों को एमएसपी पर अपनी उपज बेचने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है।

## मणिपुर में दो लोगों की गोली मारकर हत्या

इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने घात लगाकर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना आज दोपहर कुकी बहुल याओलेन गांव के पास हुई। घटना मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह द्वारा तंगखुल नगा बहुल पर्वतीय जिले का दौरा करने और कुकी व नगा निवासियों के साथ बातचीत के दौरान शांति तथा संवाद की अपील करने के एक दिन बाद हुई है। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध उग्रवादियों ने इंफाल से उखरुल जा रहे नागरिकों के वाहनों पर गोलीबारी की। कार की आगे वाली यात्री सीट पर बैठे एक व्यक्ति के सिर में गोली लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोली लगने से घायल हुए एक अन्य व्यक्ति ने भी दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान ताशर गांव के एस. डब्ल्यू. चिनाओशांग और खरासोम गांव के वाई वाशुम के रूप में हुई है।

# वेदांता के चेयरमैन अग्रवाल के समर्थन में आये नवीन जिंदल

एजेंसी

नयी दिल्ली। उद्योगपति नवीन जिंदल ने शनिवार को छत्तीसगढ़ बॉयलर विस्फोट मामले में वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल का समर्थन करते हुए कहा कि मामले की पहले जांच होनी चाहिए और साक्ष्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। वेदांता विद्युत संयंत्र में 14 अप्रैल को हुए विस्फोट में 23 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी में अनिल अग्रवाल का नाम भी शामिल किया गया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में जिंदल ने घटना में श्रमिकों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की यह त्रासदी बेहद पीड़ादायक है। 20 परिवारों ने सब कुछ खो दिया है। उचित मुआवजा, परिवारों को आजीविका सहायता और निष्पक्ष जांच अनिवार्य है।

उन्होंने आगे कहा, लेकिन बिना जांच के अनिल अग्रवाल का नाम प्राथमिकी में शामिल करना गंभीर चिंता का विषय है। पहले जांच होनी चाहिए, फिर सबूतों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए और उसके बाद कार्वाई की जानी चाहिए। जिंदल ने कहा कि अग्रवाल एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो अपने दम पर आगे बढ़े, वह साधारण और पिछड़े समुदाय से आते हैं।

# संघीय ढांचे को बदलने की साजिश था विधेयक

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक देश के संघीय ढांचे को बदलने का षड्यंत्र था और लोकसभा में इसका गिरना लोकतंत्र, संविधान एवं विपक्षी एकजुटता की जीत है।

प्रियंका ने कहा कि सरकार 2023 के नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लोकसभा की वर्तमान 543 सीट के आधार पर तत्काल लागू कर सकती है और यदि वह ऐसा करती है तो विपक्ष इसका समर्थन करेगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कल लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत हुई है। मोदी सरकार ने लोकतंत्र को कमजोर करने और संघीय ढांचे को बदलने की साजिश की थी, जिसे हमने हरा दिया। ये संविधान की जीत है, देश की जीत है, विपक्षी एकता की जीत है। प्रियंका ने कहा कि यह विपक्षी एकजुटता के लिए निर्णायक क्षण हो सकता है। उन्होंने कहा गृह मंत्री (अमित शाह) और प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने अपने भाषणों में कहा कि अगर विपक्ष इस मुद्दे पर सहमत नहीं होगा तो न कभी चुनाव जीत पाएगा, न ही सत्ता में आ पाएगा। इन बातों से ही साफ हो गया कि सरकार की मंशा क्या थी। प्रियंका ने दावा किया, मेरा मानना है कि सरकार द्वारा जो साजिश रची गई, उसका उद्देश्य सत्ता हासिल करना है। इसके लिए, सरकार ने महिलाओं का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती थी कि महिला आरक्षण के नाम पर विपक्ष यह विधेयक पारित करवा दे ताकि उन्हें मनमाने तरीके से परिसीमन की आजादी मिल जाए जिससे मोदी सरकार को जातिगत जनगणना का सहारा न लेना पड़े। उन्होंने दावा किया, यह महिला आरक्षण विधेयक की बात नहीं थी। यह बात परिसीमन से जुड़ी हुई थी।

# बिहार के उपमुख्यमंत्रियों को जेड श्रेणी की सुरक्षा

एजेंसी

पटना। बिहार सरकार ने उप मुख्यमंत्रियों विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव की सुरक्षा बढ़ा दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य के गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, दोनों उप मुख्यमंत्रियों को अब जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

एक अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा चौधरी और यादव की सुरक्षा की समीक्षा किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। जेड श्रेणी की सुरक्षा में प्रशिक्षित कर्मियों की एक समर्पित टीम शामिल होती है, जो उन्नत हथियारों से लैस होती है। इस बीच, एक अन्य अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार ने जद (यू) नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। हालांकि, सरकार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की सुरक्षा घटा दी है, जिन्हें पहले जेड-प्लस सुरक्षा प्राप्त थी। सिन्हा को अब जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। अधिसूचना के मुताबिक, गृह विभाग ने जद (यू) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री श्रवण कुमार की सुरक्षा भी बढ़ा दी है।

# महिलाओं ने घेरा राहुल गांधी का आवास

एजेंसी




नयी दिल्ली। महिला आरक्षण कानून संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित नहीं होने के विरोध में शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला सांसदों और नेताओं ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सुनहरी बाग स्थित आवास के निकट तक विरोध मार्च निकाला।


मोती लाल नेहरू मार्ग पर एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों ने गांधी का पुतला फूंका और उनके आवास की ओर बढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। पार्टी की राज्य इकाई के एक बयान में बताया गया कि सुनहरी मस्जिद चौराहे के पास, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद बांसुरी स्वराज, कमलजीत सहरावत और हेमा मालिनी सहित अन्य नेताओं को हिरासत में लेकर उन्हें संसद मार्ग थाने ले जाया गया। लोकसभा में शुक्रवार को संविधान (131वां संशोधन) विधेयक के पारित नहीं हो पाने के कारण भाजपा की महिला सांसदों हेमा मालिनी, मंजू शर्मा और वात्सल्य गुप्ता सहित प्रदर्शनकारियों ने विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना की और उन पर देश की महिलाओं को अपमानित करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा देश की आधी आबादी को पिछले 30 वर्षों से अपमान सहना पड़ रहा है क्योंकि यह विधेयक बार-बार पेश किया गया लेकिन या तो उसे खारिज कर दिया गया या उसका विरोध किया गया।

## टेमी टी की फर्स्ट फ्लश चाय 27,000 रुपये प्रति किलो में बिकी

गंगटोक। सिक्किम के सरकारी स्वामित्व वाले टेमी टी एस्टेट की फर्स्ट फ्लश ऑर्गेनिक चाय ने चालू सत्र में 27,000 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड कीमत हासिल की है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार अपनी कोमल सुगंध और उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध फर्स्ट फ्लश चाय की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग बने रहने की उम्मीद है। प्रारंभिक खेपों की खुली बोली में खरीददारों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जबकि बाद की खेपों में भी अच्छा उत्साह देखा जा रहा है। इस समय बगान में ताजी पत्तियों की तुड़ाई और प्रीमियम किस्मों जैसे ऑर्थोडॉक्स ब्लैक टी और उलॉन्ग टी का उत्पादन जारी है।

# अक्षय तृतीया पर बढ़ेगी डिजिटल सोने की डिमांड

एजेंसी



नयी दिल्ली। विश्लेषकों का कहना है कि रविवार को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया के अवसर पर भौतिक सोने की खरीद के साथ-साथ लचीले और पारदर्शी सोने में निवेश के विकल्प भी लोकप्रिय बने रह सकते हैं, क्योंकि निवेशकों का रुझान अब सोने के आधुनिक विकल्पों की ओर स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है।

अक्षय तृतीया को पारंपरिक रूप से सोना खरीदने का शुभ अवसर माना जाता है, लेकिन विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की भागीदारी धीरे-धीरे बदल रही है और वे पारंपरिक भौतिक खरीद के साथ-साथ वित्तीय निवेश विकल्पों में भी बढ़ती रुचि दिखा रहे हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी विश्लेषक मानव मोदी ने कहा हम सोने में निवेश करने के तरीके में धीरे-धीरे बदलाव देख रहे हैं। अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर भौतिक खरीद अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीले और पारदर्शी निवेश विकल्पों में रुचि लगातार बढ़ रही है।

ब्रोकरेज की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 में सर्राफा बाजार भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक आर्थिक मंदी और मौद्रिक नीति अपेक्षाओं में बदलाव के कारण उतार-चढ़ाव भरा रहा है। इसके बावजूद सोने और चांदी में सालाना आधार पर क्रमशः लगभग 10 प्रतिशत और पांच प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है, जो सुरक्षित निवेश की मांग को दर्शाती है। घरेलू बाजार में उंची कीमतों के कारण आभूषणों की मांग सीमित और मूल्य-संवेदनशील बनी हुई है, जिससे घरेलू कीमतों पर छूट का दबाव देखा जा रहा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की कमोडिटी रिसर्च प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, सोना वर्तमान में एक जटिल वैश्विक माहौल से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि ब्याज दरों की अपेक्षाओं और डॉलर की मजबूती के कारण कभी-कभी दबाव देखने को मिलता है, लेकिन अनिश्चितता, मुद्रास्फीति की चिंता और दीर्घकालिक निवेश मांग इसके व्यापक दृष्टिकोण को समर्थन दे रही है।

## पेज एक का शेष

### योगी को

योगी की एक झलक पाने को सड़क के दोनों और जनसैलाब उमड़ पड़ा। उन्हें अपने बीच देखकर मतदाताओं के मनोभाव भी जुबां पर आ गए। जगह-जगह से गूंज सुनाई देने लगी- 4 मई, दीदी गई। अंधकार छंटेगा-कमल खिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हाथ हिलाकर, हाथ जोड़कर बंगालवासियों का ह्रदय से अभिवादन किया।

सीएम योगी को देखने के लिए महिलाएं व बच्चे भी रोड के दोनों तरफ मकानों की छतों पर खड़े थे। जैसे ही सीएम का काफिला उनके सामने से गुजरता, तमाम महिलाएं व बच्चे हाथ जोड़कर 'बुलडोजर बाबा' को प्रणाम करते, सीएम ने भी हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया। रास्ते व छतों पर खड़े लोग अपने मोबाइल में सीएम योगी की फोटो भी लेते रहे। सीएम योगी ने रोड-शो के समापन पर मतदाताओं से संवाद किया और इतने भव्य स्वागत के लिए जनता का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि आमार सोनार बांग्ला, अब टीएमसी मुक्तो बांग्ला (हमारा सोने जैसा बंगाल, अब टीएमसी मुक्त बंगाल)। समूचे बंगाल का उत्साह बता रहा है कि 4 मई को बंगाल में भाजपा का कमल खिलेगा। बंगाल भारत की कल्चरल कैपिटल के रूप में जानी जाती है, लेकिन कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस व कम्युनिस्टों ने इस पहचान को मिटाया है।

### विपक्ष को

कहा, मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस अपनी पिछली गलतियों को सुधारेगी, लेकिन उसने नया इतिहास रचने का मौका गंवा दिया। परिवारवाद से ग्रसित पार्टियां महिलाओं को आगे नहीं बढ़ने देना चाहतीं, क्योंकि इससे उनकी स्वार्थी राजनीति का अंत हो सकता है। मोदी ने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि कांग्रेस उत्तर-दक्षिण विभाजन के बारे में झूठी बातें फैला रही है। उन्होंने कहा, एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलतीअ कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा किया गया यह अपमान हर महिला के दिल में हमेशा रहेगा। मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन समय की आवश्यकता थी और उत्तर, दक्षिण, पूर्व तथा पश्चिम में संतुलित सशक्तीकरण सुनिश्चित करने का एक ईमानदार प्रयास था।

### केन्द्रीय कर्मियों

रेल लाइन उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, हापुड, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी और सीतापुर जिलों से होकर गुजरती है। परियोजना का मार्ग गाजियाबाद (मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल), मुरादाबाद (पीतल के बर्तन और हस्तशिल्प), बरेली (फर्नीचर, वस्त्र, इंजीनियरिंग), शाहजहांपुर (कालीन और सीमेंट से संबंधित उद्योग) और रोजा (तापीय विद्युत संयंत्र) जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्रों से होकर गुजरता है। राजामुंदरी (निदादावोलु)-विशाखापत्तनम (दुव्वाडा) खंड हावड़ा - चेन्नई उच्च घनत्व नेटवर्क (एचडीएन) का हिस्सा है। प्रस्तावित परियोजना मार्ग के चौगुने विस्तार की पहल का हिस्सा है। सरकार ने कहा कि यह परियोजना आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी, कोनासीमा, काकीनाडा, अनाकापल्ले और विशाखापत्तनम जिलों से होकर गुजरती है। बयान में कहा गया है, विशाखापत्तनम को आकांक्षी जिला कार्यक्रम में एक आकांक्षी जिला माना गया है। यह पूर्वी तट पर स्थित विशाखापत्तनम, गंगावरम, मछलीपटनम और काकीनाडा जैसे प्रमुख पत्तनों को जोड़ती है। इसमें कहा गया है, परियोजना का मार्ग पूर्वी तटरेखा के साथ-साथ चलता है और यह पूर्वी तटीय रेल गलियारे के सबसे व्यस्त, मुख्य रूप से माल ढुलाई के खंडों में से एक है। बयान में कहा गया है कि इस खंड की लाइन क्षमता का उपयोग पहले ही 130 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जिसके कारण बार-बार जाम और परिचालन में देरी हो रही है। सरकार ने कहा क्षेत्र में पत्तनों और उद्योगों के प्रस्तावित विस्तार के कारण लाइन की क्षमता में और वृद्धि होने की उम्मीद है। सरकार ने भारतीय ध्वज वाले या भारतीय नियंत्रण वाले जहाजों, अथवा भारत आने वाले या भारत से जाने वाले जहाजों के लिए सॉवरेन गारंटी द्वारा समर्थित भारत समुद्री बीमा कोष के गठन को मंजूरी दी है। यह कोष सभी तरह के समुद्री जोखिमों को कवर करेगा। बीमा पॉलिसियां उन बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की जाएंगी, जो इस कोष की सदस्य होंगी।

### नोएडा हिंसा

बिहार के वैशाली हाजीपुर का रहने वाला है। उसने एनआईटी जमशेदपुर से बीटेक किया है। कैंपस सेलेक्शन के जरिए वह जैनपैक्ट जैसी प्रतिष्ठित कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बना। वह गुरुग्राम और बाद में नोएडा के सेक्टर-37 अरुण विहार में शिफ्ट हो गया था। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि 2022 से वह मजदूर बिगुल के सम्पर्क में आया और सम्पादक अनुभव सिन्हा के जरिए अन्य संगठनों जैसे दिशा स्टूडेंट ऑगेनाईजेशन, आडब्लूपीआई, नौजवान भारत सभा और एकता संघर्ष समिति के सम्पर्क में आ गया। वह लगातार इन संगठनों के आंदोलनों में शामिल होने लगा था। क्या थी हिंसा की साजिश-जांच में खुलासा हुआ है कि 30 मार्च से 1 अप्रैल के बीच नोएडा में इन संगठनों के कुछ सदस्यों ने एक बैठक की थी, जिसमें श्रमिक आंदोलन की आड़ में नोएडा में बड़े पैमाने पर हिंसा और आगजनी की योजना बनाई गई थी। इसी का परिणाम 13 अप्रैल की हिंसक घटना थी। एसटीएफ टीम उसे तमिलनाडु की स्थानीय अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर ले रही है। आदित्य पर बीएनएस की गम्भीर धाराओं और क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। रिमांड के बाद उसे नोएडा लाकर जेल भेजा जाएगा और स्थानीय पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई करेगी।

### चार संदिग्ध

अधिकारी ने कहा वे कथित तौर पर काले झंडे लेकर चलने वाले खुरासान के लश्कर की अवधारणा से भी प्रेरित थे, जिसका इस्तेमाल उन्होंने दूसरों को कट्टरपंथी बनाने के अपने दुष्प्रचार के हिस्से के तौर पर किया। उन्होंने कहा कि आरोपी बंद और एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया समूहों पर सक्रिय थे, जहां जिहाद, कट्टरपंथी सोच और हथियारों से जुड़ी सामग्री साझा की जाती थी। इन मंचों का इस्तेमाल कथित तौर पर नए सदस्यों की पहचान करने, और भर्ती करने के लिए किया जाता था। जांच से पता चला कि आरोपियों में से एक दिसंबर 2025 में दिल्ली आया था और उसने लाल किला और इंडिया गेट समेत खास जगहों की रेकी की थी। जांचकर्ताओं ने कहा कि इस मॉड्यूल ने अयोध्या में राम मंदिर, संसद भवन और कुछ सैन्य प्रतिष्ठानों जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर संभावित हमलों पर भी चर्चा की थी। अधिकारी ने कहा, चारों आरोपी, मोसैब अहमद, मोहम्मद हम्माद, मोहम्मद सोहेल और शेख इमरान निम्न सामाजिक, आर्थिक पृष्ठभूमि से हैं। मोसैब अहमद मूल रूप से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का रहने वाला है और उसने 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। उसने भारत में और सऊदी अरब तथा कतर जैसे देशों में वेल्डर, ऑटो मैकेनिक और ऑटो इलेक्ट्रीशियन सहित कई तरह के काम किए। फिलहाल, वह ठाणे में एक निजी ऑटोमोबाइल वर्कशॉप में काम कर रहा था। मोहम्मद हम्माद मुंबई का रहने वाला है। वह पत्राचार से 12वीं की पढ़ाई कर रहा है। शेख इमरान का जन्म ओडिशा के भुवनेश्वर में एक निचले तबके के घर में हुआ था।

### राहुल गांधी

उक्त आदेश के टाइप होने और उस पर हस्ताक्षर होने के पूर्व ही न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने पाया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने वर्ष 2014 में पारित एक निर्णय में कहा है कि एफआईआर दर्ज किए जाने के मांग वाले प्रार्थना पत्रों के खारिज होने पर पुनरीक्षण याचिका ही पोषणीय है तथा ऐसी याचिका पर प्रस्तावित अभियुक्त को नोटिस भेजा जाना अनिवार्य है।

न्यायालय ने कहा की इस विधिक स्थिति को देखते हुए बिना विपक्षी संख्या एक (राहुल गांधी) को नोटिस जारी किए मामले को निर्णित करना उचित नहीं है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तिथि नियत की है।

### चारधाम यात्रा

जाए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा केवल तीर्थाटन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का विराट पर्व है। बाबा केदारनाथ, भगवान बदरीविशाल, मां गंगोत्री और मां यमुनोत्री के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु यहां से नई ऊर्जा, मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतोष प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस बार यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। प्रशासन, पुलिस, परिवहन, पर्यटन, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल, निगरानी और संसाधनों की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यात्रा मार्गों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रीन चारधाम यात्रा के तहत पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक पर नियंत्रण, कचरा प्रबंधन और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने यात्रियों से भी अपील की कि वे प्रकृति और धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त केदारनाथ अभियान को इस वर्ष और प्रभावी रूप से लागू किया गया है। यात्रा मार्गों पर नियमित सफाई, कूड़ा संग्रहण केंद्र, वाहनों में डस्टबिन और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि धामों की पवित्रता और प्राकृतिक सौंदर्य सुरक्षित रखा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन और आधारभूत ढांचे को नई गति मिली है। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के शुरू होने से यात्रियों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है। इसके साथ ही केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में पुनर्विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं, जबकि गंगोत्री, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब क्षेत्रों में भी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑल वेदर रोड परियोजना से चारधाम मार्ग पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और सुगम बने हैं। वहीं गौरीकुंड-केदारनाथ तथा गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाएं भविष्य में यात्रा को और सरल व सुलभ बनाएंगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश की अर्थव्यवस्था से भी गहराई से जुड़ी है। लाखों लोगों की आजीविका इस यात्रा पर निर्भर करती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद और पारंपरिक वस्तुओं की खरीदारी कर स्थानीय व्यापारियों तथा स्वरोजगार से जुड़े परिवारों का सहयोग करने का आग्रह किया। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से यात्रा से पहले स्वास्थ्य परीक्षण कराने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

### ईरान ने तेल

वाणिज्यिक जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने का प्रयास किया। ईरान ने शनिवार को अमेरिका पर दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया और घोषणा की कि उसने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण पहले जैसी स्थिति में लौट आया है, सशस्त्र बलों के सख्त प्रबंधन और नियंत्रण में। इसने चेतावनी दी कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी प्रभावी रहेगी, तब तक वह जलडमरूमध्य में आवागमन को अवरुद्ध करना जारी रखेगा।




# हैदराबाद ने चेन्नई को दिया 195 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : संजू सैमसन 7 रन बनाकर आउट, नीतीश रेड्डी ने कैच कराया

एजेंसी

हैदराबाद । सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल में शनिवार के दूसरे मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 195 रन का टारगेट दिया है। राजीव गांधी स्टेडियम में सीएसके ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। एसआरएच ने 8 विकेट खोकर 194 रन बनाए। अभिषेक शर्मा और हेनिरक क्लासन ने 59-59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। सीएसके से जैमी ओवर्टन और अंशुल कम्बोज ने 3-3 विकेट लिए। चेन्नई ने 1.1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 15 रन बना लिए हैं। टीम से ऋतुराज गायकवाड और आयुष म्हात्रे पिच पर हैं। नीतीश रेड्डी ने दूसरे ओवर में संजू





सैमसन को कैच कराया। दूसरे ओवर में चेन्नई ने पहला विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल नीतीश रेड्डी ने शॉर्ट पिच फेंकी। संजू सैमसन ने शॉट खेला, लेकिन मिड ऑन पर हेनरिक क्लासन के हाथों कैच हो गए। सैमसन ने 7 रन बनाए। पारी की पहली ही गेंद पर संजू सैमसन ने छक्का लगा दिया। प्रफुल्ल हिंग ने शॉर्ट पिच गेंद फेंकी, सैमसन ने स्क्वेयर लेग की दिशा में सिक्स लगाया। ओवर से 15 रन बने। 20वें ओवर में अंशुल कम्बोज ने महज 7 रन देकर 2 विकेट झटक लिया। उन्होंने चौथी बॉल पर शिवांग कुमार और आखिरी बॉल पर लियम लिविंगस्टन को पवेलियन भेजा। इस तरह हैदराबाद 20 ओवर में 194 रन ही बना सकी। 19वें ओवर की पहली बॉल पर हैदराबाद ने 7वां विकेट गंवाया।

यहां पर सलिल अरोरा (13 रन) को गुरजपनीत सिंह ने डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच कराया। 18वें ओवर की दूसरी बॉल पर हैदराबाद ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर हेनरिक क्लासन 39 बॉल पर 59 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अंशुल कम्बोज ने बोल्ड कर दिया। 16वें ओवर की दूसरी बॉल पर हेनरिक क्लासन ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 32 बॉल पर अर्धशतक लगाया। साउथ अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने आईपीएल में 10वां अर्धशतक लगाया है। 14वें ओवर में हैदराबाद ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हेनरिक क्लासन ने गुरजपनीत सिंह की तीसरी बॉल को डीप मिडविकेट की ओर से खेला और सिंगल लेकर टीम स्कोर 150 तक पहुंचाया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर नीतीश कुमार रेड्डी 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवर्टन ने मैथ्यू शॉर्ट के हाथों कैच कराया।

उन्होंने अनिकेत वर्मा (2 रन) और अभिषेक शर्मा (59 रन) के विकेट भी लिए। 12वें ओवर में गुरजपनीत सिंह ने 13 रन खर्च कर दिए। उनकी चौथी बॉल पर हेनरिक क्लासन ने चौका लगाया। फिर नीतीश कुमार रेड्डी ने आखिरी बॉल पर छक्का लगाया। 11वें ओवर की पहली बॉल पर हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर अनिकेत वर्मा 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवर्टन ने नूर अहमद के हाथों कैच कराया। हालांकि, वे हैट्रिक पूरी नहीं कर सके। ओवर्टन ने अपने पिछले ओवर की आखिरी बॉल पर अभिषेक शर्मा को संजू सैमसन के हाथों कैच कराया था। 8वें ओवर की आखिरी बॉल पर हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवा दिया। यहां पर अभिषेक शर्मा 22 बॉल पर 59 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें विकेटकीपर संजू सैमसन ने जैमी ओवर्टन की बॉल पर कैच किया।

पहली अपील पर फील्ड अंपायर ने रुचि नहीं दिखाई और अभिषेक को नॉटआउट करार दिया। ऐसे में सैमसन के कहने पर कप्तान गायकवाड ने रिव्यू मांगा। वीडियो से पता चला कि बॉल ने अभिषेक के बल्ले का बाहरी किनारा लिया और सैमसन के दस्तानों पर चली गई। 7वें ओवर में अभिषेक शर्मा को जीवनदान मिला। नूर अहमद के ओवर की 5वीं बॉल पर शिवम दुबे से उनका कैच ड्रॉप हो गया। लेग स्टंप की गूगली को अभिषेक ने पुल किया, पर शॉट ज्यादा कंट्रोल में नहीं था। गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े शिवम दुबे के पास गई। दुबे ने दाईं ओर दौड़ते हुए कैच का अच्छा मौका बनाया, दोनों हाथ भी लगाए, लेकिन आखिरी क्षण में संतुलन बिगड़ने से आसान सा कैच छोड़ दिया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में सीएसके ने 2 विकेट गंवा दिए। ओवर की पांचवीं बॉल मुकेश चौधरी ने फुलर लेंथ फेंकी।

### हताशा से दृढता तक का सफर मैच जिताने के बाद बोले रबाडा

अहमदाबाद। पिछले सत्र की निराशा के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने इस सफर को हताशा से दृढता का बताया है। रबाडा मनोरंजक दवा के सेवन से जुड़े निलंबन के कारण पिछले सत्र में अधिकांश मैच नहीं खेल सके थे। उन्होंने केकेआर के खिलाफ 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये जिसकी मदद से उनकी टीम ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। रबाडा ने मैच के बाद कहा पिछला सत्र काफी निराशाजनक था खासकर इस तरह के शानदार सेटअप में। गुजरात की टीम बहुत ही शानदार है।

# खराब फॉर्म से जूझ रही केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे रॉयल्स



कोलकाता। शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर जीत के लिये तरस रही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के मैच में लय वापिस पाने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक रॉयल्स और खराब फॉर्म से परेशान केकेआर के बीच यह मुकाबला होगा। राजस्थान ने लगातार चार जीत दर्ज की लेकिन पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया।

वहीं केकेआर छह मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर कई मौकों पर जीत के करीब पहुंचकर हार गई है जिससे टीम का आत्मविश्वास डगमगा गया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने से उसे एकमात्र अंक मिला है। केकेआर के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आकाश दीप चोटों के कारण बाहर हैं जबकि मथीषा पथिराना अभी तक आये नहीं हैं। रहाणे और मुख्य कोच अभिषेक नायर के कई फैसले भी विवादित रहे हैं। चयन से जुड़े फैसलों और मैच प्रबंधन पर ऊंगली उठी हैं। टी20 विश्व कप के बाद लय हासिल करने के लिये जूझ रहे स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को पावरप्ले में उतारना समझ नहीं आया। अभिषेक शर्मा ने उनके एक ओवर में 25 रन निकाले थे जिससे उनका हौसला और टूट गया होगा।

पहले चार मैच में वह कोई विकेट नहीं ले सके। न्यूजीलैंड के लिये टी20 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले टिम सीफर्ट को अभी तक एक ही मैच में उतारा गया जबकि स्टार हरफनमौला रचिन रविंद्र अभी तक खेले ही नहीं हैं। कई प्रतिभाशाली घरेलू क्रिकेटर भी बेंच पर ही बैठे रह गए। शेन वाटसन, टिम साउदी और ड्वेन ब्रावो जैसे दिग्गजों के सहयोगी स्टाफ में रहते हुए केकेआर सही एकादश नहीं उतार पाया है। रहाणे के टॉस जीतने के बाद के फैसले भी अजीब रहे हैं।

मसलन गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिच में नमी होते हुए उन्होंने बल्लेबाजी चुनी और पावरप्ले के भीतर स्कोर तीन विकेट पर 32 रन था। आगामी विधानसभा चुनाव के कारण अब यहां करीब एक महीने तक मैच नहीं होगा जिससे केकेआर घरेलू प्रशंसकों के सामने पहली जीत के लिये बेताब होगी। अब ईडन गार्डंस पर अगला मैच 16 मई को होगा। दूसरी ओर राजस्थान के विजय रथ पर सनराइजर्स ने विराम लगा दिया था। उसके शीर्ष बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल , लुआन ड्रि प्रिटोरियस और रियान पराग दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके थे। इस कमजोरी से टीम को पार पाना होगा। समयः मैच दोपहर तीन बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।



### आईपीएल खिताब जीतना लक्ष्यः गिल

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच में शुक्रवार को यहां टीम की पांच विकेट से जीत के बाद कहा कि उनके लिए व्यक्तिगत फॉर्म से ज्यादा टीम की जीत महत्वपूर्ण है और उनका अंतिम लक्ष्य आईपीएल खिताब जीतना है। गिल की 50 गेंदों में 86 रन की पारी से टाइटंस ने जीत के लिए मिले 181 रन के लक्ष्य को 19.4 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल किया। प्लेयर ऑफ द मैच गिल ने पुरस्कार समारोह में प्रसारकों से 2023 जैसी बल्लेबाजी के बारे में पूछे जाने पर कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि यह मायने रखता है।

सबसे जरूरी चीज जीत है और निश्चित रूप से फाइनल खेलकर कप जीतना ही मेरा लक्ष्य है। गिल ने आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा 890 रन बनाए थे और केकेआर के खिलाफ शानदार पारी के बाद वह मौजूदा सत्र में चार मैचों में 62.75 की औसत से 251 रन के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। उन्होंने अपनी पारी को लेकर कहा हम चाहते थे कि मैच को कुछ ओवर पहले खत्म कर देते। मैं खुद भी जल्दी आउट होने से निराश हूं। मैं अंत तक टिककर टीम को जीत दिलाना चाहता था।

## संक्षेप

### हैम्बर्ग क्वार्टर फाइनल में हारे चोटरानी

हैम्बर्ग। भारत के वीर चोटरानी हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश के पुरूष क्वार्टर फाइनल में पांच गेम के मुकाबले में फ्रांस के चौथी वरीयता प्राप्त बापतिस्ते मासोत्ती से हार गए। विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज चोटरानी को 19वीं रैंकिंग वाले फ्रेंच खिलाड़ी ने 12-10, 9-11, 14-12, 9-11, 11-6 से हराया। भारत के अभय सिंह, रामित टंडन और जोशना चिनप्पा पहले ही हारकर बाहर हो चुके हैं।

### भारतीय बैडमिंटन संघ ने पहली बार शुभंकर प्रतियोगिता की शुरू

नयी दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ (बाइ) ने आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप 2026 के लिये पहली बार देशव्यापी शुभंकर डिजाइन प्रतियोगिता शुरू की जिसमें प्रशंसकों, कलाकारों और क्रिएटर्स को आमंत्रित किया गया है। प्रशंसकों की भागीदारी को गहरा करने और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता के साथ-साथ उसकी बढ़ती बैडमिंटन विरासत का जश्न मनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल बाइ द्वारा समुदाय को इस खेल के और करीब लाने का अपनी तरह का पहला प्रयास है। भारत में विश्व चैम्पियनशिप 17 साल बाद आयोजित की जा रही है। भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले एक दशक में विश्व चैम्पियनशिप में 15 पदक जीते हैं जिसमें पी वी सिंधू का 2019 में जीता ऐतिहासिक स्वर्ण शामिल है।

### फुटबॉल कोच की तरह हैं आशीष नेहरा : हरभजन

मुंबई। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा फुटबॉल कोच की तरह है और उन्होंने टीम में एकजुटता भरी है। हरभजन ने जियोस्टार से कहा कि खिलाड़ियों से नेहरा का लगातार संवाद और खेल की गहरी समझ ने गुजरात टाइटंस की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा आशीष नेहरा अकेला ऐसा इंसान है जो कहीं भी, कभी भी माहौल को सहज बना सकते हैं। वह जहां भी जाते हैं , अपने आसपास सभी लोगों को सहज बना देते हैं। मैचों के दौरान नेहरा की भूमिका के बारे में हरभजन ने कहा , वह फुटबॉल कोच की तरह है। कभी भी शांत नहीं बैठता।

# आक्रामक खेल का प्रदर्शन, खिलाड़ियों ने हासिल किया फाइनल का टिकट

खेल संवाददाता

लखनऊ। आरुषी, वर्णिका, अनुष्का, शगुन, शिवानी, अंश, फैज, यशदीप, ऋषभ, करन व रेहान ने प्रथम वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन मेमोरियल जिला बाक्सिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन खेले गए सेमीफाइनल को दमदार फाइट व बेहतरीन तकनीक का प्रदर्शन करते हुए रोमांचक बना दिया।

> प्रथम वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन मेमोरियल जिला बाक्सिंग चैंपियनशिप

बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के तत्वावधान में वीकेएस (विजय कुमार साहू) फाउंडेशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाक्सिंग एरिना में आयोजित चैंपियनशिप के दूसरे दिन ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक राजीव मिश्रा ने खिलाड़ियों की हौसला-अफजाई की। आज सेमीफाइनल बाउट्स में खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास के साथ आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। आज बाउट्स की शुरूआत से पहले श्री नसीम कुरैशी ( दिग्गज बाक्सिंग कोच) के आकस्मिक निधन पर बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ ने शोकसभा आयोजित की जिसमें सभी ने मृतक आत्मा की शांति व परिजनों को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की। 50 किग्रा में मॉडर्न अकादमी विनम्र खंड की आरुषी ने सीएमएस स्टेशन रोड की यशस्वी श्री रावत को हराया। 52 किग्रा में एपीएस की वर्णिका मिश्रा ने एपीएस की रेसी को जबकि केडी सिंह बाबू स्टेडियम की अनुष्का शर्मा ने सीएमएस स्टेशन रोड की अलीजा को मात दी। 57 किग्रा में सेंट मैरी की सारा कलाम ने सीएमएस स्टेशन रोड की अंशलीम अमर को हराया, वहीं सीएमएस शालीमार की अपूर्वा दक्ष ने एलपीएस आनंद नगर की अलंकृता सिंह को पराजित किया। अन्य सेमीफाइनल में 36 किग्रा में सीएमएस स्टेशन रोड की शगुन ने सीएमएस एलडीए की वान्या यादव को, 44 किग्रा में सीएमएस स्टेशन रोड की इशिका अवस्थी ने सीएमएस स्टेशन रोड की ही अंशिका बाजपेयी को, 32 किग्रा में मॉडर्न अकादमी विनम्र खंड - 5 की आरुषी राय ने सीएमएस स्टेशन रोड की रितिका गुप्ता को और 40 किग्रा में सीएमएस स्टेशन रोड की शिवानी पाठक ने सीएमएस स्टेशन रोड की ही विदुषी अवस्थी को मात दी।

### जोकोविच व एलीन गु लॉरियस विश्व खेल पुरस्कारों की करेंगे मेजबानी

मैड्रिड। अपने दौर के दो सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और एलीन गु इस वर्ष के लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार की संयुक्त मेजबानी करेंगे। खेल कैलेंडर के सबसे बड़े पुरस्कार समारोह में पहली बार दो सक्रिय खिलाड़ी प्रस्तोता की भूमिका निभाएंगे। यह आयोजन 20 अप्रैल को मैड्रिड के प्रतिष्ठित पलासियो दे सिबेल्स में आयोजित किया जाएगा। यह समारोह खेल, मनोरंजन और सांस्कृतिक जगत की दिग्गज हस्तियों को एक मंच पर लाकर उत्कृष्टता, जुझारूपन और प्रेरणा का जश्न मनाता है। दुनिया भर में प्रसारित होने वाला यह आयोजन करोड़ों दर्शकों तक पहुंचता है और विजेताओं की घोषणा के दौरान सोशल मीडिया पर भी व्यापक चर्चा का केंद्र बनता है।

# भारत व दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला आज



एजेंसी

डरबन। पहले मैच में मिली हार के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में उतरेगी तो बल्लेबाजों और तेज गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारत का स्कोर एक समय 15वें ओवर में दो विकेट पर 119 रन था लेकिन टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने लौरा वोल्वार्ट के अर्धशतक की मदद से पांच गेंद बाकी रहते जीत दर्ज कर ली। शेफाली वर्मा (20 गेंद में 34 रन) ने भारत को अच्छी शुरूआत दी लेकिन स्मृति मंधाना (14 गेंद में 13) ज्यादा देर क्रीज पर टिक नहीं सकीं। पावरप्ले में दो विकेट गिरने से भारत की रनगति पर अंकुश लग गया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ( 33 गेंद में नाबाद 47) और जेमिमा रौड्रिग्स (29 गेंद में 36 रन ) ने बीच के ओवरों में 51 गेंद में 71 रन जोड़े लेकिन आखिरी पांच ओवर में भारतीय टीम 33 रन ही बना सकी और तीन विकेट गंवा दिये।

दूसरे मैच में भारत को अच्छी शुरूआत का फायदा उठाना होगा और निचले क्रम के बल्लेबाजों को इसके लिये खुलकर खेलना होगा। मंधाना ने कहा हम बल्लेबाजी ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके लेकिन गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और आखिरी ओवर तक मैच को खिंचा। इससे हमें काफी कुछ सीखने को मिला है। पिछली चार श्रृंखलायें जीत चुकी भारतीय टीम ने 14 वाइड गेंदें भी फेंकी। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर, अरूंधति रेड्डी और काशवी गौतम ने तीन तीन ओवर डालकर क्रमशः 25, 28 और 29 रन दिये।

### सिंड्रेला ने अंडर 19 खिताब जीता

देहरादून। सिंड्रेला दास ने शनिवार को यहां जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के पहले चरण के अंडर-19 एकल फाइनल में दिव्यांशी भौमिक को 4-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन का समापन किया। इसके साथ ही लड़कियों की टीम स्पर्धा भी समाप्त हो गईं। इस जीत से सिंड्रेला ने दो खिताब जीतने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने इसी चैंपियनशिप में अंडर-17 एकल का खिताब भी अपने नाम किया। इंदौर में हुई सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सिंड्रेला ने रजत पदक जीता था। वहीं कर्नाटक ने अंडर-19 युगल का खिताब जीता। कर्नाटक की तनिष्का कालभैरव और हिमांशी चौधरी ने महाराष्ट्र की हार्दी पटेल और दिव्यांशी भौमिक को 3-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

### भारत में 90 प्रतिशत सिंथेटिक ट्रैक घटिया गुणवत्ता के हैं, एएफआई प्रमाणन प्रक्रिया में होगा शामिल

नयी दिल्ली। भारत में एथलेटिक्स के बुनियादी ढांचे को लेकर एक गंभीर और चौंकाने वाला खुलासा करते हुए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमरिवाला ने कहा है कि देश में इस्तेमाल हो रहे लगभग 90 प्रतिशत सिंथेटिक ट्रैक मानकों के अनुरूप नहीं हैं। सुमरिवाला ने कहा कि यह समस्या केवल सामग्री की गुणवत्ता तक सीमित नहीं है।

# एलएसजी का सामना पंजाब किंग्स से आज



एजेंसी

मुल्लांपुर। तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में संघर्ष कर रही लखनऊसुपर जाइंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मजबूत बल्लेबाजी पर भरोसा करेगी। लखनऊकी टीम कप्तान ज्षभ पंत की चोट को लेकर भी चिंतित है। पंजाब किंग्स इस सत्र में अब तक एकमात्र अजेय टीम रही है। टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम का नेट रन रेट 1.067 है, जो उसकी दमदार बल्लेबाजी और सधे हुए लक्ष्य-पीछा करने की क्षमता को दर्शाता है। पंजाब ने 2025 सत्र से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पिछले 11 में से नौ मुकाबले जीते हैं, जो उसके दबदबे की बानगी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालिया जीत में भी यह झलक साफ दिखी। मेजबान टीम की इस रफ्तार को रोकने के लिए एलएसजी को असाधारण प्रदर्शन करना होगा।

अंक तालिका में फिलहाल सातवें स्थान पर मौजूद एलएसजी लगातार दो हार के बाद दबाव में है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मुकाबले में कप्तान ज्षभ पंत की कोहनी में लगी चोट ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पंत महज तीन गेंद खेलने के बाद दर्द से कराहते हुए रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। वह हालांकि बाद में बल्लेबाजी के लिए लौटे, लेकिन उस समय उनकी कोहनी पर पट्टी लगी हुई थी। ऐसे में रविवार के मैच में उनकी उपलब्धता अब भी अनिश्चित बनी हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबला एकतरफा रहा। मुकुल चौधरी और आयुष बदोनी के संघर्ष के बावजूद एलएसजी की टीम केवल 146 रन ही बना सकी थी। लखनऊकी बल्लेबाजी अब तक लय में नहीं दिखी है और टीम इस सत्र में अभी तक 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी है। इसके विपरीत पंजाब ने दो बार 200 का आंकड़ा पार किया है और मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में 16.3 ओवर में 3 विकेट पर 198 रन बनाकर जीत की ओर बढ़ रही थी।

### भारतीय निशानेबाजों का दल काहिरा रवाना

नयी दिल्ली। भारत के 58 निशानेबाजों और सहयोगी स्टाफ का पहला दल 19 से 27 अप्रैल तक आयोजित होने वाले आईएसएसएफ संयुक्त जूनियर विश्व कप में भाग लेने के लिए काहिरा रवाना हो गया है। काहिरा टूर्नामेंट से आईएसएसएफ जूनियर सर्किट की शुरुआत होगी, जिसमें इस कैलेंडर वर्ष में शॉटगन निशानेबाजों के लिए तीन और राइफल एवं पिस्टल निशानेबाजों के लिए दो प्रतियोगिताएं निर्धारित हैं। भारत ने कुल 71 निशानेबाजों को 18 पदक स्पर्धाओं के लिए उतारा है, जिनमें से 36 निशानेबाज 15 ओलंपिक स्पर्धाओं में भाग लेंगे। तीन अतिरिक्त स्पर्धाओं में पारंपरिक जूनियर पुरुष और महिला 50 मीटर राइफल प्रोन प्रतियोगिताएं तथा पुरुष 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा शामिल हैं, जिसे 2032 ओलंपिक का हिस्सा बनाए जाने की संभावना है। काहिरा में कुल मिलाकर 25 देशों के 284 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें भारत सबसे बड़ा दल उतार रहा है। मेजबान मिस्र 29 सदस्यीय टीम उतारेगा, जबकि तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) के तहत भाग ले रहे रूस के 43 निशानेबाज चुनौती पेश करेंगे।

# दिल्ली कैपिटल्स ने आरसीबी को छह विकेट से हराया

एजेंसी

बेंगलुरु। दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। दिल्ली को आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे। डेविड मिलर ने लगातार दो छक्के और एक चौका लगाकर एक बॉल रहते जीत दिला दी। टॉस हार कर बैटिंग कर रही बेंगलुरु ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 175 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.5 ओवर में 6 विकेट रहते टारगेट चेज कर लिया। दिल्ली की टीम तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है। जबकि, आरसीबी 8 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है। स्टब्स-राहुल के अर्धशतक 176 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए। तीनों विकेट भुवरेश्वर कुमार ने लिए। हालांकि ओपनर केएल राहुल एक एंड से टिके रहे और अर्धशतक लगाया। उनके और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी हुई। राहुल के अलावा स्टब्स ने नाबाद 60 रन बनाए।





डेविड मिलर ने 10 बॉल पर नॉटआउट 22 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए भुवरेश्वर कुमार ने 3 विकेट झटके। क्रुणाल पंड्या को 1 विकेट मिला। सॉल्ट का अर्धशतक काम ना आया पहले बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु के लिए फिल सॉल्ट ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 38 बॉल पर 63 रन बनाए। उनकी इस सीजन की यह दूसरी फिफ्टी रही। उनके और विराट कोहली के बीच पहले विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी हुई। सॉल्ट के अलावा टिम डेविड ने 26, कोहली ने 19 और देवदत्त पडिक्कल ने 18 रन बनाए। दिल्ली के 3 बॉलर्स ने 2-2 विकेट लिए। दिल्ली के लिए अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और लुंगी एनगिडी ने 2-2 विकेट लिए। मुकेश कुमार को 1 विकेट मिला।

वहीं, क्रुणाल पंड्या रन आउट हुए। मैच के दौरान एक बार फिर दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल क्रैम्प की समस्या से जूझते नजर आए, जिसके चलते खेल कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। अंपायरों ने फिजियो से बात की और आखिरकार अक्षर मैदान से बाहर चले गए। उनकी जगह डेविड मिलर मैदान पर आए। 11वें ओवर में दिल्ली ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल क्रुणाल पंड्या ने गुड लेंथ पर फेंकी। केएल राहुल आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। विराट कोहली ने लॉन्ग ऑफ पोजिशन पर डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। राहुल 57 रन बनाकर आउट हुए। 10वें ओवर में केएल राहुल ने फिफ्टी पूरी कर ली। ओवर की तीसरी गेंद पर राहुल ने 2 रन लिए और 30 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।

# महिलाओं पर कांग्रेस की दोहरी सोच उजागर

## विधेयक का पारित होना नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को लागू करने के लिए आवश्यक था

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि महिला सशक्तीकरण पर कांग्रेस की दोहरी सोच देश के सामने उजागर हो गई है। वह संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 पर कांग्रेस के विरोध का जिक्र कर रहे थे। इस विधेयक का पारित होना नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को लागू करने के लिए आवश्यक था। हालांकि, शुक्रवार को यह विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका। चौधरी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, महिला सशक्तीकरण पर ढोंग करने वाली कांग्रेस की दोहरी सोच अब पूरे देश के सामने है। विपक्ष महिलाओं की प्रगति की राह में हमेशा बाधा बनकर खड़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि क्या देश की आधी आबादी को उनकी आवाज देना इतना मुश्किल था? मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, महिलाओं के सशक्त होने और भविष्य में नेतृत्व की भूमिका निभाने की संभावना से घबराकर, असुरक्षित विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के क्रियान्वयन का समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा, संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) के दौर में महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी की गई और आज विपक्ष में रहते हुए भी वही सोच फिर



दिखाई दे रही है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि यह विधेयक जल्दबाजी में लाया गया है। उन्होंने कहा, विधेयक का गिरना तय था। भाजपा नेताओं को पता था कि सदन में इसे पारित करने के लिए उनके पास पर्याप्त संख्या बल नहीं है, फिर भी उन्होंने महिला सशक्तीकरण के बड़े समर्थक होने का प्रदर्शन करने के लिए विधेयक पेश किया। यादव ने सरकार पर भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुप्त एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं को ढाल के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, वे मनुस्मृति को मानने वाले हैं और महिलाओं का सम्मान करना नहीं जानते। उनकी एकमात्र चिंता अपनी राजनीति को चमकाना है। मनुस्मृति में महिलाओं को क्या स्थान दिया गया है, यह सर्वविदित है। यादव ने आरोप लगाया कि संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 को पेश करना भाजपा के षड्यंत्र का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य परिसीमन इस तरह से करना है जिससे उन्हें दो-तिहाई बहुमत प्राप्त हो सके और वे संविधान में बदलाव कर सकें। उन्होंने कहा, उनका मुख्य उद्देश्य संविधान में बदलाव करना है, लेकिन हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे।

इसी बीच, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) की महिला शाखा ने पटना के आयकर गोलंबर पर विरोध प्रदर्शन किया और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पुतला फूंका। पार्टी की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शोभा पासवान ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का प्रयास किया।

# एआई से डरने की जरूरत नहीं, सतर्कता के साथ इसका इस्तेमाल किया जाये : प्रधान न्यायाधीश

बेंगलुरु। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को आगाह करते हुए कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ-साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से आह्वान किया कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से घबराएं नहीं, बल्कि सतर्कता के साथ इसका इस्तेमाल करें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने जोर दिया कि तकनीक का इस्तेमाल केवल एक सहायक के रूप में किया जाना चाहिए, न कि एक विकल्प के रूप में। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में एआई का इस्तेमाल संतुलन के साथ होना चाहिए जिससे काम की गति और दक्षता बढ़े, लेकिन साथ ही न्याय के मूल सिद्धांत में मानवीय बुद्धि, अनुभव और संवैधानिक विवेक को पूरी तरह संरक्षित किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश



कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित न्यायिक अधिकारियों के 22वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में न्यायपालिका की पुनर्कल्पना था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आपको एआई को लेकर घबराना नहीं चाहिए। जब आपके सामने कोई ऐसा मामला आता है जिसमें बहुत जटिल तथ्य और कानून के पेचीदा सवाल शामिल हों, तो आप क्या करते हैं? ऐसे मामलों में निर्णय लेते समय व्यक्ति ज्यादा गहराई से सोचता है, धैर्य रखता है और अंत में निर्णय लेने पर उसे संतोष की भावना भी महसूस होती है।

उन्होंने कहा जब हम एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग सावधानी और जागरूकता के साथ करना शुरू करेंगे, तो यही परिणाम देखने को मिलेगा, बशर्ते यह सुनिश्चित किया जाये कि आपके भीतर का न्यायाधीश स्वतंत्र बना रहे और तकनीक से प्रभावित न हो। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विभू बखरू समेत अन्य लोग उपस्थित थे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि एआई के आने से न्यायपालिका के समक्ष एक तरफ नये अवसर हैं और दूसरी तरफ कुछ चुनौतियां भी हैं।

## संक्षेप

### दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय स्तर पर संचालित एक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 25 लाख रुपये से अधिक मूल्य का आयातित हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया है तथा इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इस गिरोह के थाईलैंड से जुड़े होने का संदेह जताया है। एक अधिकारी ने बताया कि 14 अप्रैल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए पुलिस टीम ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज गेट के पास जाल बिछाया। उन्होंने बताया कि सुबह करीब चार बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों और स्कूटर पर सवार एक तीसरे व्यक्ति को उस समय रोका गया, जब वे नकदी के बदले कथित तौर पर प्रतिबंधित वस्तुओं का एक पैकेट आदान-प्रदान कर रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी पहचान फैजान रिजवी (24), रियाजुद्दीन (44) और नदीम बेग (42) के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से दो पैकेट में रखा 1,030.5 ग्राम आयातित हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया।

# कानून-व्यवस्था की स्थिति अब भी संवेदनशील, नियंत्रण में : मणिपुर

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था संवेदनशील बनी हुई है, लेकिन नियंत्रण में है। सिंह ने राज्य सचिवालय में असम राइफल्स आईजीएआर (दक्षिण) के साथ बैठक करने के बाद ये टिप्पणियां कीं। मुख्यमंत्री ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, आज सचिवालय में आईजीएआर (दक्षिण) के मेजर जनरल गौरव शर्मा द्वारा दी गई ब्रीफिंग में इस बात की पुष्टि की गई कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति संवेदनशील है लेकिन नियंत्रण में है, और सुरक्षा बल सभी प्रकार की गड़बड़ियों से अत्यंत सावधानी और संयम से निपट रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अशांति भड़काने वाली अफवाहों और गलत सूचनाओं के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया। बिष्णुपुर के ट्रोंगलाओबी में सात अप्रैल को हुए बम हमले में दो बच्चों की मौत के बाद इंफाल घाटी के पांच जिलों में विरोध प्रदर्शनों और सुरक्षा बलों के साथ झड़पों की खबरें सामने आईं।

# प्रधानमंत्री मोदी डोनाल्ड ट्रंप के नियंत्रण में हैं

एजेंसी

रानीपेट(तमिलनाडु)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नियंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि अन्नाद्रमुक

❍ यही वह तमिलनाडु में करना चाहते हैं : राहुल गांधी

सत्ता में आए, ताकि वह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को नियंत्रित कर सकें। गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने हमारी ऊर्जा सुरक्षा को दांव पर लगा दिया और हमारे डेटा को दूसरों के हवाले कर दिया, साथ ही हमारे किसानों और छोटे और मध्यम उद्योगों को बेच दिया। उन्होंने परिसीमन विधेयक पर कहा, कल (संसद में) आपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर



आत्मविश्वास की पूरी कमी देखी। राहुल गांधी ने यहां एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, वह (प्रधानमंत्री) विपक्ष का सामना भी नहीं कर सके। वह अलग बैठे थे।

इसका कारण यह है कि वह अमेरिका द्वारा नियंत्रित हैं। उन्होंने भारत-अमेरिका समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसने हमारे देश को बेच दिया। उन्होंने कहा आज अगर डोनाल्ड ट्रंप मोदी को कूदने को कहें, तो मोदी कूद जाते हैं। अगर डोनाल्ड ट्रंप मोदी को लेटने को कहें, तो मोदी लेट जाते हैं। क्यों? क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप का मोदी पर पूरी तरह नियंत्रण है। वे उन्हें कैसे नियंत्रित करते हैं? वह एप्स्टीन फाइलों के जरिए नियंत्रित करते हैं।

वह उन्हें नियंत्रित करते हैं, क्योंकि उन्हें मोदी की वित्तीय व्यवस्था का पता है और वह अदाणी के साथ मोदी के संबंधों को समझते हैं। राहुल गांधी ने कहा जिस तरह ट्रंप, मोदी को नियंत्रित कर रहे हैं, वह भी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को उसी तरह नियंत्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इसीलिए वह (मोदी) तमिलनाडु में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक)को सत्ता में लाना चाहते हैं। केंद्र सरकार ने नवीनतम जेफरी एपस्टीन केस फाइलों में प्रधानमंत्री मोदी के संदर्भों को खारिज कर दिया था।

### होर्मुज में दो भारतीय जहाजों ने बदला अपना मार्ग

काहिरा। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की गोलीबारी की खबरों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में दो भारतीय जहाजों को अपना मार्ग बदलना पड़ा। टैंकरट्रैकर्सडॉट कॉम ने बताया कि इन जहाजों में भारतीय ध्वज वाला एक सुपर टैंकर भी शामिल है, जो इराक से 20 लाख बैरल तेल ले जा रहा है। इससे पूर्व ब्रिटेन की सेना ने कहा कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर गोलीबारी की। ईरान द्वारा इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की घोषणा के बाद यह घटना हुई।

# भाजपा का पतन शुरू हो गया, केंद्र सरकार अल्पमत में : ममता

एजेंसी

हावड़ा (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 2029 से महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को संसद के निचले सदन में पारित करने में विफल रहने के बाद भाजपा का पतन शुरू हो गया है।

हावड़ा के उलुबेरिया और दक्षिण 24 परगना के बरुइपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि शुक्रवार को संसद में हुए घटनाक्रम ने यह प्रदर्शित किया है कि भाजपा अपने बूते बहुमत वाली पार्टी नहीं रह गई है और यह दो सहयोगियों के समर्थन से सत्ता में बनी हुई है। उन्होंने कहा, कल साबित हो गया कि यह अब बहुमत वाली



सरकार नहीं है। यह अल्पमत सरकार है। वे दो पार्टियों के समर्थन से किसी तरह इसे चला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सहयोगी दलों पर निर्भरता की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। बनर्जी ने सवाल किया कि महिलाओं के लिए आरक्षण को परिसीमन प्रक्रिया से क्यों जोड़ा जा रहा है। उन्होंने पूछा, इसे परिसीमन से क्यों जोड़ा जा रहा है? उन्होंने एक बंगाली मुहावरे का हवाला देते हुए दावा किया कि केंद्र अपने असली इरादों को छिपाने की कोशिश कर रहा है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले, बनर्जी ने भाजपा को लोकसभा में मिली पराजय को एक व्यापक राजनीतिक विमर्श बनाने की कोशिश की और इसे राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पतन की शुरुआत बताया। तृणमूल प्रमुख ने उलुबेरिया में समर्थकों से कहा, मोदी साहब का पतन कल दिल्ली में शुरू हुआ।

### लेबनान में शांति सैनिकों पर हुए हमले में फ्रांसीसी सैनिक की मौत

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि शनिवार सुबह दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हुए हमले में एक फ्रांसीसी सैनिक की मौत हो गयी और तीन अन्य सैनिक घायल हो गए। मैक्रों ने बताया कि मृतक सैनिक की पहचान मोंटौबन के 17वें पैराशूट इंजीनियर रेजिमेंट के स्टाफ सार्जेंट फ्लोरियन मोंटोरियो के रूप में हुई है। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा, "सभी संकेत यही बताते हैं कि इस हमले की जिम्मेदारी हिज्बुल्ला की है। फ्रांस की मांग है कि लेबनानी अधिकारी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करें और दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# यूक्रेन पर रूस के हमले में एक व्यक्ति की मौत

एजेंसी

कीव। यूक्रेन भर में रात भर हुए रूसी हमलों में एक नागरिक की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय नेता वादिम फिलाश्किन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि यूक्रेन के पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र के मायकोलाइवका में हुए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

अन्य अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी और पूर्वी यूक्रेन में हुए हमलों में कम से कम 26 लोग घायल हुए हैं, जिनमें ओडेसा शहर में बंदरगाह के एक बुनियादी ढांचे पर किया गया हमला भी शामिल है। यूक्रेन की वायुसेना ने शनिवार को बताया कि रूस ने रात भर में 219 ड्रोन दागे, जिनमें से 190 को मार गिराया गया।

इस बीच, गवर्नर व्याचेस्लाव फेडोरिश्चेव ने बताया कि यूक्रेन ने रूस में समारा क्षेत्र के नोवोकुइबिशेव्स्क और सिजरान में औद्योगिक क्षेत्रों को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया गया। दोनों शहरों में कई बड़ी तेल रिफाइनरी स्थित हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# विद्युत जामवाल की 'स्ट्रीट फाइटर' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। पैरामाउंट पिक्चर्स की फिल्म स्ट्रीट फाइटर का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया। फिल्म में नोआ सेंटिनियो, जेसन मोमोआ और एंड्रयू कोजी मुख्य भूमिकाओं में हैं। खास बात यह है कि इसमें बॉलीवुड एक्टर विद्युत जामवाल धाल्सिम के रोल में नजर आएंगे। फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म से विद्युत हॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। ट्रेलर में

❍ इंटेंस और डार्क रोल में नजर आए एक्टर 16 अक्टूबर को फिल्म रिलीज होगी

विद्युत पूरी तरह बाल्ड लुक में दिखाई दे रहे हैं। उनके शरीर पर बने टैटू और रग्ड स्टाइलिंग दिख रही है। इसके साथ ही उनका लीन और मस्कुलर फिजीक धाल्सिम के योगा-आधारित फाइटिंग स्टाइल को बखूबी दर्शाता है। ट्रेलर में धाल्सिम का किरदार पारंपरिक शांत योगी की इमेज से थोड़ा अलग नजर आ रहा है। विद्युत की इंटेंस आंखें और खतरनाक एक्सप्रेशन उनके किरदार को एक डार्क और पावरफुल ट्विस्ट देते हैं। फिल्म कैपकॉम द्वारा विकसित विश्व प्रसिद्ध जापानी वीडियो गेम फ्रैंचाइजी




'स्ट्रीट फाइटर' पर आधारित है। ट्रेलर में फिल्म के एक्शन और फाइट सीक्वेंस की झलक दिखाई गई है। फिल्म को 1993 की पृष्ठभूमि में सेट किया गया है, जहां रयू और केन मास्टर्स फिर से एक बड़े मुकाबले में उतरते हैं। कहानी में चुन-ली उन्हें वर्ल्ड वॉरियर टूर्नामेंट के लिए तैयार करती है। इस टूर्नामेंट के पीछे एक साजिश छिपी है, जो दोनों को आमने-सामने खड़ा करती है और उनके अतीत से जुड़ी चुनौतियों को सामने लाती है। फिल्म की स्टारकास्ट फिल्म का डायरेक्शन किताओ सकुराई ने किया है। इसमें नोआ सेंटिनियो (केन मास्टर्स), एंड्रयू कोजी (रयू), कैलिना लियांग (चुन-ली), जो अनोआई (अकुमा), डेविड डास्टमलचियन (एम. बाइसन), कोडी रोड्स (गाइल), एंड्रयू शुल्ज (डैन हिबिकी), एरिक आंद्रे (डॉन सॉवेज), विद्युत जामवाल (धाल्सिम), ऑरविल पेक (वेगा), ओलिवियर रिच्टर्स (जैंगिफ), हिरोकी गोटो (ई. होंडा), रैना वल्लैंडिंघम (जुली), अलेक्जेंडर वोल्कानोव्स्की (जो), कर्टिस '50 सेंट' जैक्सन (बालरॉग) और जेसन मोमोआ (ब्लांका) शामिल हैं।

# बिग बॉस मराठी 6 पर सोनाली राउत के गंभीर आरोप

**मुंबई**। रियलिटी शो बिग बॉस मराठी 6 फिर विवादों में आ गया है। इस बार पूर्व कंटेस्टेंट सोनाली राउत ने घर के अंदर की हालत पर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। सोनाली ने (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर वीडियो पोस्ट कर बताया कि घर में साफ-सफाई बेहद खराब थी। उन्होंने आरोप लगाया कि खाने में गंदगी मिलती थी और कई बार उसमें कॉकरोच और मरे हुए चूहे दिखाई देते थे। उन्होंने कहा कि इस वजह से वहां रहना मुश्किल हो गया था और उनकी तबीयत खराब हो गई।

एक्ट्रेस ने बताया कि गंदगी भरे माहौल के कारण उन्हें स्किन से जुड़ी गंभीर समस्या हो गई। उनका कहना है कि यह सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए खतरनाक स्थिति थी। सोनाली ने खुलासा किया कि घर में सुविधाएं बेहद सीमित थीं, जिससे हालात बिगड़ते गए। उन्होंने कहा कि इतने बड़े शो में ऐसी व्यवस्थाएं चौंकाने वाली हैं। सोनाली राउत ने पोस्ट में कहा कि इस अनुभव ने उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रभावित किया। उन्होंने संकेत दिया कि इस मामले में उन्हें आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ा।

### 'हेरा फेरी 3' फिलहाल नहीं बन रही है : अक्षय

**मुंबई**। एक्टर अक्षय कुमार ने हाल ही में बताया कि फिल्म हेरा फेरी 3 फिलहाल नहीं बन रही है। यह बात अक्षय ने शुभांकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कही। इंटरव्यू में अक्षय ने बताया कि फिल्म में देरी की वजह सिर्फ कास्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि कई और समस्याएं हैं, जिनकी वजह से प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पा रहा। एक्टर ने यह भी साफ किया कि तीनों कलाकारों (अक्षय, परेश रावल और सुनील) के साथ आने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि फिल्म वेलकम टू द जंगल में वो, सुनील शेट्टी और परेश रावल एक साथ काम कर रहे हैं।

# मूवी रिव्यू : भूत बंगला-भूल भुलैया जैसी नहीं

**मुंबई**। डायरेक्टर प्रियदर्शन अक्षय कुमार और प्रियदर्शन जब भी साथ आते हैं, दर्शकों को भूल भुलैया, हेरा फेरी, भागम भाग जैसी एंटरटेनिंग फिल्मों की उम्मीद होती है। लेकिन फिल्म भूत बंगला में ये जोड़ी इस बार वैसा कमाल नहीं दिखा पाती। फिल्म हॉरर, कॉमेडी और मिस्ट्री का मिक्स तो है, लेकिन इसका असर हर जगह बराबर नहीं दिखता।

कैसी है फिल्म की कहानी? कहानी की शुरूआत होती है श्रापित गांव मंगलपुर से, जहां यह माना जाता है कि शादी करना खतरे से खाली नहीं है क्योंकि यहां नई दुल्हन को वधुसुर नाम का राक्षस उठा ले जाता है। अर्जुन आचार्य (अक्षय कुमार) लंदन में अपने पिता वासुदेव और बहन मीरा के साथ रहते हैं। मीरा की शादी तय होती है, तभी उन्हें पता चलता है कि उनके दादा 500 करोड़ की संपत्ति और




मंगलपुर की हवेली मीरा के नाम कर गए हैं। अर्जुन, मीरा की शादी उसी पुश्तैनी हवेली में करने के लिए मंगलपुर पहुंचता है। लेकिन जैसे-जैसे शादी करीब आती है, हवेली में अजीब और डरावनी घटनाएं शुरू हो जाती हैं। इसी दौरान अर्जुन के सामने कई पुराने राज खुलते हैं और उसे पता चलता है कि मीरा ही वधुसुर के निशाने पर है, क्योंकि उसे मारकर वधुसुर अमर हो सकता है। अब कहानी इस सवाल पर आकर टिकती है कि क्या अर्जुन अपनी बहन और मंगलपुर को इस खतरे से बचा पाएगा। कैसी है स्टारकास्ट की एक्टिंग? अक्षय कुमार इस बार उम्मीदों पर पूरी तरह खरे नहीं उतरते।

उनकी कॉमिक टाइमिंग, जो उनकी सबसे बड़ी ताकत है, यहां बनावटी और ज्यादा मेहनत करती हुई लगती है। राजपाल यादव फिल्म के असली मजबूत सहारा बनकर उभरते हैं, उनकी कॉमेडी ही कई जगह फिल्म को संभालती है। परेश रावल का काम ठीक-ठाक है, लेकिन उनसे जो उम्मीद रहती है, वो यहां नजर नहीं आती। ऐसा लगता है जैसे उन्होंने आधे मन से अभिनय किया हो।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com